इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 255 | राजनांदगांव, शनिवार 02 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## सीएम साय ने पीएम मोदी को अमृत रजत महोत्सव के लिए किया आमंत्रित, अंजोर विजन @2047 पर भी हुई चर्चा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 'अंजोर विजन @2047' दस्तावेज तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह विजन दस्तावेजशिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार और नवाचार-आधारित पहलों पर केंद्रित है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम किसान सम्मान निधिः प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे 20वीं किश्त जारी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के किसानों को 20वीं किश्त की राशि वेबकास्ट के माध्यम से जारी करेंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से राजधानी रायपुर स्थित महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी सभागार में सवेरे 10 बजे से प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। इस मौके पर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

## 'रूस है समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला साझेदार'

### भारत-रूस संबंधों पर चिढ़े ट्रंप को विदेश मंत्रालय की दो टूक

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कई अहम अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भारत की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने अमेरिका की तरफ से कुछ भारतीय कंपनियों पर ईरान से व्यापार करने को लेकर लगाए गए प्रतिबंधों, रूस से तेल खरीद, यमन में मौत की सजा का सामना कर रहीं निमिषा प्रिया के मामले और भारत-अमेरिका संबंधों पर बयान दिया।



#### ईरान से व्यापार पर अमेरिकी प्रतिबंध

अमेरिका की तरफ से कुछ भारतीय कंपनियों पर ईरान से व्यापार के चलते लगाए गए प्रतिबंधों पर बोलते हुए रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इन प्रतिबंधों को नोट किया है और इस पर गौर कर रहे हैं। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा, किसी भी देश के साथ हमारे संबंध उसकी योग्यता पर आधारित हैं और उन्हें किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। जहां तक भारत-रूस संबंधों का सवाल है, हमारे बीच एक स्थिर और समय-परीक्षित साझेदारी है।

#### भारत और अमेरिका के रिश्ते

भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क पर आधारित है। यह रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों के बावजूद मजबूत बना रहा है। हम अपने साझा एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और हमें विश्वास है कि यह संबंध आगे भी प्रगति करेगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल बोले- चुनाव अधिकारी वोटों की चोरी कर रहेः हम छोड़ेंगे नहीं, चाहे वे रिटायर हो जाएं; ईसी बोला - अफसर ऐसी धमकियों पर ध्यान न दें

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले 9 दिनों में चुनाव आयोग के अधिकारियों को दूसरी बार धमकाया है। शुक्रवार को संसद से बाहर निकलने पर राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं।



चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ निकालेंगे। इससे पहले 24 जुलाई को राहुल ने कहा था कि मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।

#### चुनाव आयोग का जवाब...

चुनाव आयोग ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है। लगातार दी जा रही धमकियों के बावजूद, हम सभी चुनाव अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करें। गैरजिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करें।

राहुल ने आगे कहा कि मैं इसे हल्के में नहीं, बल्कि सौ प्रतिशत प्रमाण के साथ कह रहा हूं। जैसे ही हम इसे जारी करेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए वोट चुराने का काम कर रहा है। हमें मध्य प्रदेश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनिल अंबानी को ईडी का लुकआउट नोटिसः 5 अगस्त को पूछताछ होगी, देश छोड़ने की अनुमति नहीं; 3 हजार करोड़ का लोन फ्रॉड मामला

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर शुक्रवार को अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया। यह कदम ईडी द्वारा कथित तौर पर 17,000 करोड़ रुपये के लोन धोखाधड़ी मामले की चल रही जांच के बीच उठाया गया है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने कथित ?17,000 करोड़ के लोन फ्रॉड केस की चल रही जांच के सिलसिले में अनिल अंबानी को पूछताछ के लिए तलब किया था। ईडी ने उन्हें 5 अगस्त को दिल्ली दफ्तर में पेश होने के लिए कहा है। उनसे इस केस से जुड़ी डिटेल के बारे में पूछताछ की जाएगी। ईडी ने पिछले सप्ताह मुंबई में 35 स्थानों पर अनिल अंबानी के रिलायंस समूह से जुड़ी कई संस्थाओं और व्यक्तियों पर छापेमारी की थी। मुंबई में 35 से अधिक परिसरों पर छापेमारी की गई, और ये परिसर 50 कंपनियों और 25 लोगों के थे, जिनमें (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## सीएम साय ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ की अहम बैठक, माओवादी उन्मूलन और विकास के एजेंडे पर बनी सहमति

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, माओवादी चुनौती से निपटने की रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर गृहमंत्री से चर्चा।



मुख्यमंत्री साय ने गृह मंत्री को माओवादी विरोधी अभियानों की उपलब्धि एवं भविष्य की कार्ययोजना से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में माओवादी गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में पिछले डेढ़ वर्षों में उल्लेखनीय सफलता मिली है। दिसंबर 2023 से अब तक 33 बड़ी मुठभेड़ों में शीर्ष माओवादी नेताओं सहित 445 माओवादी न्यूट्रलाइज़ किए गए हैं। वहीं, 1554 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, एवं 1588 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार की समन्वित विकास और सुरक्षा नीति के तहत माओवादी प्रभाव को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में स?क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इन प्रयासों से न केवल माओवादी प्रभाव कम हुआ है, बल्कि स्थानीय समुदायों में प्रशासन के प्रति भरोसा भी बढ़ा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बस्तर के विकास और सुरक्षा में केंद्रीय गृह मंत्री के सहयोग और मार्गदर्शन पर शाह को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार की (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

### एनबीआईएस में मनी तुलसीदास जयंती



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में तुलसीदास जयंती के अवसर पर शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के हेरिटेज क्लब के बच्चों द्वारा तुलसीदास के प्रसंग को जीवंत रुप देते हुए लघु नाटक की प्रस्तुति दी। तुलसीदास जयंती के अवसर पर शाला में दोहा प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी विभाग द्वारा किया गया। दोहा प्रतियोगिता कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक तथा दोहा व्याख्या सहित कक्षा छठवीं से नवमीं एवं ग्यारहवीं तक के बच्चों के लिए किया गया था। इस प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा दोहा को लयबद्ध सुरों से संजोया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक शाला की हिंदी विभाग की शिक्षिकाएं रहीं।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी अंतिम चरणों में, कल बैठक

राजनांदगांव (दावा)। ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण जी की जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए एवं भगवान श्री कृष्ण जी की शोभा यात्रा झाँकी निकालने के संबंध में नगर के विभिन्न वार्डो में विगत 4 सप्ताह से बैठक जारी है जिसमें अगली बैठक 3 अगस्त 2025 दिन -रविवार को दोपहर 2 बजे से यादव समाज भवन नंदई चौक, राजनांदगांव में आयोजित की गई है। इसी तारतम्य में समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के संबंध में आयोजन का अंतिम रूपरेखा तैयार किया जाएगा जिसमें भगवान श्री कृष्ण जी की विशाल शोभा यात्रा उनके अनेक लीलाओं पर आधारित झाँकी निकाली जायेगी इस संबंध में चर्चा की जाएगी। इस बैठक में कोसरिया यादव समाज के संरक्षकगण, नगर पदाधिकारीगण, महिला मंडल पदाधिकारीगण, वरिष्ठगण, गौंटियागण, वार्ड अध्यक्ष, युवा मंडल, वार्ड के सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न होगी।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 6 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 6 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में इंजीनियर्स इंटरप्राईजेस रामाधीन मार्ग राजनांदगांव द्वारा फैक्ट्री सुपरवाईजर के 2 पद, लेथ मशीन टर्नर ऑपरेटर के 8 पद, स्लोटर मशीन ऑपरेटर के 2 पद, वेल्डर के 2 पद, हॉरिजेन्टल बोरिंग मशीन ऑपरेटर के 2 पद, हेल्पर के 5 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, मैनेजर के 2 पद एवं शिव शक्ति एग्रीटेक प्राईवेट लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेटेटिव के 40 पद, एग्रीकल्चर ऑफिसर के 5 पद तथा बत्रा पीयूसी एण्ड आरटीओ एडवाईजर ठाकुरटोला नियर टोल प्लाजा राजनांदगांव द्वारा मेकैनिक के 1 पद पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

### एनबीआईएस के नैवेद्य रहे द्वितीय



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के कक्षा चौथी के छात्र नैवेद्य कौशिक ने 30 जुलाई को, रामायण प्रचारक समिति ब्राह्मण पारा द्वारा आयोजित तुलसीदास जयंती के अवसर पर श्री रामचरितमानस व्याख्यान प्रतियोगिता में अ वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित की गई थी। अ वर्ग में कक्षा दसवीं तक तथा ब वर्ग में दसवीं से ऊपर तक के बच्चों ने भाग लिया। शाला के छात्र नैवेद्य अपने वर्ग में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी थे। नैवेद्य को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह के साथ ही नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। नैवेद्य का मार्गदर्शन शाला के संगीत शिक्षक हेमंत हिरवानी द्वारा की गई। नैवेद्य की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान व शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd Aug to 07th Aug 2025



Son Of Sardaar 2 - 12:30, 03:30 and 09:30 pm
Dhadak 2 - 12:15, 06:15 and 09:15 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 03:00, 06:30 and 09:00 pm
Saiyaara - 12:00, 03:15 and 06:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
एक्शन से भरपूर
सन आफ सरदार 2
अजय देवगन, तृप्ति डिमरी, रवि किशन



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# पारधी गिरोह का भंडाफोड़, 12 आरोपी गिरफ्तार





खैरागढ़ (दावा)। पारधी गिरोह का भांडा फोड़, तीन जिलों के पारधी गिरोह ने मिलकर की लाखों की चोरी। जिला केसीजी के थाना गण्डई एवं छुईखदान क्षेत्रान्तर्गत विगत 04 माह से ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में चोरी एवं नकबजनी के घटना के निम्नलिखित मामले में 09 अपराध पंजीबद्व किये गये थे। जिसमें अपराध क्रमांक 113/25 धारा 331(4) 305(ए) बीएनएस, अपराध क्रमांक 114/25 धारा 331(4) 305(ए) बीएनएस, अपराध क्रमांक 115/25 धारा 331(4) 305(ए) बीएनएस, अपराध क्रमांक 248/25 धारा 331(4) 305(ए) बीएनएस, अपराध क्रमांक 232/25 धारा 331(4) 305(ए) बीएनएस, अपराध क्रमांक 215/25 धारा 331(4) 305(ए) बीएनएस,अपराध क्रमांक 228/25 धारा 331(4) 305(ए), 62 बीएनएस,अपराध क्रमांक 376/24 धारा 331(4) 305(ए), बीएनएस, अपराध क्रमांक 159/25 धारा 331(4) 305(ए), बीएनएस।

उपरोक्त सभी मामले में अपराध का तरीका लगभग एक ही था, जो रात्रि में चोरो के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सूने मकान के ताले तोड़कर एवं वृद्व व्यक्तियों के घर के ताला को तोड़कर सोने एवं चांदी के गहने तथा नगदी रूपयो को चोरी कर ले जाते थे। इन सभी मामलों में अज्ञात आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था। उसी क्रम मे वरिष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला केसीजी साइबर सेल एवं थाना गंडई के सयुक्त पुलिस टीम के द्वारा स्थानीय सूत्रो के माध्यम एवं अपराध करने के तरीके से उक्त आरोपियो को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया। सभी आरोपियों ने उक्त अपराधों को मिलकर घटित करना स्वीकार किये है। आरोपियों से चोरी गई सामान सोने के मंगलसूत्र, पत्ती, लॉकेट आदि जेवर कीमती आठ लाख रूपये, चांदी के पायल, लच्छा आदि जेवर कीमत डेढ लाख, घटना में उपयोग तीन नग मोटर सायकल कीमत डेढ लाख, चार नग मोबाईल फोन कीमत तीस हजार, कुल 11 लाख 30 हजार रूपये जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

## कॉलोनाइजर से मोहलत मांगी, तो निगम से आ गया नोटिस; पूर्व पार्षद ने किया समर्थन

### गरीबों की दुकान का व्यवस्थापन कर न्याय दे निगम, पूर्व पार्षद ने की पीड़ितों से मुलाकात



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम सीमाक्षेत्र के बसंतपुर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पांच छोटे दुकानदारों को शासकीय भूमि में अतिक्रमण की नोटिस जारी कर ठेले हटाने को कहा है। गरीब दुकानदारों ने जिसकी जानकारी पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री को दी। जिसके बाद पूर्व पार्षद ने मौके में जाकर दुकानदारों की बात सुनी। दुकानदारों ने बताया कि हमारी दुकानों के पीछे किसी कॉलोनाइजर द्वारा प्लाट काटा जा रहा है। जिसने हमें दुकान हटा देने को लेकर पर समझाइश दी। परंतु दुकानदारों के द्वारा वर्षा ऋतु उपरांत दुकान हटा लेने को लेकर मोहलत मांगी गई जिसके पश्चात नगर निगम के द्वारा उक्त चिन्हांकित पांच दुकानदारों को नोटिस मिला है।

जानकारी मिली कि जब उक्त पीछे वाली भूमि में जहा प्लाटिंग की जानी है। वहां खेती का कार्य हुआ करता था। तब से यह दुकानें लग रही है। प्रशासन द्वारा दुकानों में मीटर भी लगाए गए है। मौके में एक दुकान बच्चों के खिलौने, चाय की होटल, पान ठेला और पंचर की दुकान है। इन सभी पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी बात को पूर्व पार्षद ने सुना और नियमानुसार व्यवस्थापन कर दुकान को हटाने की मांग को लेकर प्रशासन को पत्र लिखने की बात कही है। वहां यह भी जानकारी मिली कि निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर सात वर्ष पूर्व पेड़ लगाए गए थे। जिसे गलत तरीके से काट दिया गया है। जिस पर जांच सहित कार्यवाही की मांग को लेकर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही उक्त स्थान से लगा हुआ एक बड़ा नाला है। जहां बसंतपुर क्षेत्र की नालियों का पानी निकासी होता आया है। जहां नाले के पानी की उचित निकासी की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाए, ताकि भविष्य में बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो सके।

## राजनांदगांव से 6 को अयोध्या के लिए रवाना होगी 'श्री रामलला दर्शन' स्पेशल ट्रेन

- दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 665 तीर्थयात्री करेंगे श्री रामलला के दर्शन
- सीईओ जिला पंचायत ने तैयारियों के संबंध में ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के अंतर्गत दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 13 जिलों के 665 तीर्थ यात्रियों को पहली बार राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से 6 अगस्त 2025 को श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना होंगे। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि 6 अगस्त को दोनों संभागों के 13 जिलों के तीर्थयात्रियों को तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन के माध्यम से श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार राजनांदगांव से दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के तीर्थयात्री जायेंगे। इसके लिए अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीर्थयात्रा के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग के तीर्थयात्रियों के रूकने के लिए अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैण्ड के पास व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षा, भोजन, नाश्ता, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, बस, पार्किंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। तीर्थयात्रियों के लिए अग्रसेन भवन में की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर संभाग से आने वाले तीर्थयात्रियों को ठहराने एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरड़वार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, पर्यटन, रेल्वे, खाद्य, पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कार्यपालन अभियंता के सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद साहू के सेवानिवृत्ति पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पार्रीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी। श्री साहू ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं सीएसपीडीसीएल में 38 वर्षो तक अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्हें राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि विद्युत कंपनी के सेवाकाल में सेवानिवृत्त होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। कंपनी के सेवाकाल में श्री साहू मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठा व जिम्मेदार अधिकारी रहे और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी से किया। इस विदाई समारोह में प्रकाश चंद साहू ने अपने सेवा यात्रा का विवरण देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहयोग के लिए आभार जताया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद साहू के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, के.सी. खोटे कार्यपालन अभियंता श्रीमती कांति नेताम, सुश्री गीता ठाकुर, निज सचिव एस.के. बक्शी, प्रशासनिक अधिकारी नीरज देवांगन, सहायक विधि अधिकारी श्रीमती पूजा ग्वालवंशी, एन.के. शुक्ला, एस.के. मरठा, श्रीमती सरस्वती अय्यर, अनिल मिंज, प्रकाश सोनटापर एवं डी. दिलेश्वर राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का संचालन पब्लिसिटी ऑफिसर धर्मेन्द्र शाह मंडावी ने किया।

## स्टेट बार एसोसिएशन के बहु प्रतीक्षित चुनाव की प्रक्रिया शुरू



**वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने पहला नामांकन दाखिल किया**

राजनांदगांव (दावा)। स्टेट बार एसोसिएशन के बहु प्रतीक्षित चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज नामांकन का पहला दिन था और नामांकन के पहले दिन ही पहला नामांकन प्रदेश के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने दाखिल किया।

श्री तिवारी इससे पहले भी स्टेट बार काउंसिल के मेंबर रह चुके हैं और वे कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हित के लिए अनेक कार्य किए हैं जिसमें अधिवक्ता कल्याण निधि में इजाफा प्रमुख है। मुख्यतः वकालत पृष्ठभूमि के श्री तिवारी के पिता प्रभात तिवारी भी बिलासपुर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे हैं। वे अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव संघर्षरत रहे हैं। श्री तिवारी के नामांकन दाखिले से माना जा रहा है कि एक बार फिर वे प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित के लिए स्टेट बार काउंसिल में दमदारी पूर्वक पक्ष रखेंगे। श्री तिवारी राजनांदगांव जिला अधिवक्ता संघ के साथ-साथ उच्च न्यायालय बिलासपुर के भी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। बहरहाल स्टेट बार काउंसिल का चुनाव 30 सितंबर 2025 मंगलवार को मां दुर्गा महाअष्टमी के दिन होना है और इस चुनाव में प्रथम वरीयता का वोट महत्व रखता है। प्रथम वरीयता के बाद द्वितीय वरीयता के वोटो की गिनती होती है। श्री तिवारी की लोकप्रियता को देखते हुए यह माना जा रहा है कि प्रदेश भर के अधिवक्ताओं से मिले प्रथम वरीयता के वोट से ही वे स्टेट बार काउंसिल चुनाव में चुन लिए जाएंगे। नामांकन दाखिले के बाद प्रदेश में अब स्टेट बार काउंसिल के चुनाव की सरगर्मी बढ़ आएगी।

## श्रावणी पर्व पर शिवनाथ नदी में पवित्र दस स्नान के लिए की जा रही भव्य तैयारी

**गायत्री शक्तिपीठ उन्नयन हेतु सहयोगार्थ की गई प्रेरणास्पद अपील**

राजनांदगांव (दावा)। श्रावणी पर्व के पुनित अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 9 अगस्त शनिवार को शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ में गायत्री शक्तिपीठ द्वारा दस स्नान की तैयारियां की जा रही है। इस सामूहिक साधना एवं नदी में स्नान शुद्धिकरण के पश्चात यज्ञीय आयोजन में शिवनाथ नदी मोहारा में बड़ी संख्या में लोगों की नदी उपस्थिति बनी रहती है। शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चित्रांग्दा व निर्माण ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि आगामी दिनों 9 अगस्त को आने वाला श्रावणी पर्व हमारे जीवन में आत्मिक शुद्धि एवं आचार-विचार परिवर्तन का अनुपम अवसर लेकर आ रहा है। इस पुनीत अवसर पर हम सभी साधक गण मिलकर मोहारा नदी में सामूहिक रूप से स्नान कर यज्ञोपवित बदलने' (पुरानी नकारात्मक प्रवृत्तियों का परित्याग) एवं हवन (नव संकल्पों की प्रतिष्ठा) करेंगे। उक्त आयोजन में 9 अगस्त की प्रातः 6 बजे शिवनाथ नदी तट मोहारा में सभी को सामूहिक स्नान एवं संकल्प हवन हेतु उपस्थित होने की अपील की गई है व कहा गया है कि इस पूण्य अवसर हम सब मिलकर अपने भीतर की अशुद्धियों का परित्याग करें और नये जीवन मूल्यों को अपनाकर आध्यात्मिक उन्नयन की ओर बढ़ें। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि विगत 4 वर्षो से शक्तिपीठ का जीर्णोद्धार का कार्य जारी है। अब यह नये कलेवर व पूर्ण साथ सज्जा के साथ दृश्यमान हो रहा है। वर्तमान में मंदिर प्रांगण और परिसर के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है इन कार्यो को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए आप सब की सहयोग की नितांत आवश्यकता है।

## रूपेश लक्ष्मण राव के स्वामित्व की जप्तशुदा वाहन राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पवन शक्ति नगर भांदेवाड़ी रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी रूपेश लक्ष्मणराव के स्वामित्व की जप्तशुदा पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 45-डी 1608 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

## नीलू शर्मा तिरंगा यात्रा प्रदेश समिति के बने संयोजक



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु समिति का गठन किया, जिसमें नीलू शर्मा संयोजक बनाये गये है। इस समिति में संजय श्रीवास्तव, श्रीमती हर्षिता पाण्डेय, विश्व विजय सिंह तोमर व दीपेश अरोरा को सदस्य मनोनित किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

आवेदक सुनील कुमार आ. प्रभुलाल भोजानी निवासी स्टेशन रोड़ शहर, तह. व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम कौरिनभांठा प.ह.नं. 41 तह, व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि ख.नं. 96/7 शामिल 98/31 रकबा 0.055 हे., रकबा 0.056 हे. भूमि के राजस्व ऑनलाईन रिकार्ड निजी भूमि दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 16/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 01/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनॉक :- 01/08/2025
पेशी दिनॉक:- 18/08/2025

**तहसीलदार राजनांदगांव**

**Name Change**

It is informed to the general public that I, Suleman Khan, son of Riaz Khan, House No. 303, Ward No. 27, Bharkapara, Near Kamal Talkies, Rajnandgaon, swear that I have changed my old name from Sulemaan Khan to a new name Suleman Khan, which is also registered in the Aadhaar and PAN card. Hence, from today onwards, I should be known by my new name in all government, semi-government and other documents.

**Suleman Khan**
House No. 303, Ward No. 27, Bharkapara, Near Kamal Talkies, Rajnandgaon

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शैंकी बग्गा (**SHAINKI BAGGA**) आ. **श्री स्वर्ण सिंग बग्गा,** निवासी हाउस नंबर 19/417, सहदेव नगर, दिग्विजय स्टेडियम के पास, राजनांदगांव (छ.ग) है।

यह शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम सैनकी सिंग को बदलकर शैंकी बग्गा (**Shainki bagga**) आ. **स्वर्ण सिंग बग्गा** रख लिया है। अतः आज से मुझे, मेरे नए नाम शैंकी बग्गा (**Shainki bagga**) **आ. स्वर्ण सिंग बग्गा** को समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज़ो में मेरे नए नाम शैंकी बग्गा (**Shainki bagga**) **आ. स्वर्ण सिंग बग्गा** से ही जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

**शैंकी बग्गा**
**आ. श्री स्वर्ण सिंग बग्गा**
निवासी हाउस नंबर 19/417, सहदेव नगर, दिग्विजय स्टेडियम के पास, राजनांदगांव (छ.ग)

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-4-0
190-0 238-3
राजधानी
2-5-9
560-1 266-4

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्र./6203/11/नि.वि./लोनिवि/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 31/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 20/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 28/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 29/08/2025 अपरान्ह 11.30 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 11 T004 | भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति, चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में गेंट्री बोर्ड का निर्माण कार्य | 10.00 | 7500.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।

विशेष शर्तः- 1. निविदा हेतु आवेदन के साथ सामान प्रकृति के कार्य का विगत 3 वर्षो के अंतर्गत सफल संपादन किये जाने का प्रमाण पत्र (कार्यपालन अभियंता एवं समकक्ष अधिकारी के द्वारा जारी) प्रस्तुत करने के उपरांत ही निविदा फार्म प्रदान किया जावेगा। 2. ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रदान किया जावेगा।

जी- 252602533/1

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

# राखियों की दुकान में चोरी, दहशत में दुकानदार

**फ्लाई ओवर के नीचे लगी राखी दुकान में चोरों का धावा, दुकानदारों के हत्थे चढ़ा चोर**



राजनांदगांव (दावा)। आगामी दिनों 9 अगस्त को भाई बहनों के पवित्र स्नेह बंधन का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर के बाजार में रंग-बिरंगी राखियों की दुकानें सजने लग गई है। पर कहा जाता है न कि बस्ती बसी नहीं और लुटेरे, लूटने आ गए ठीक ऐसे ही वाक्या महावीर चौक स्थित फ्लाई ओवर के नीचे लगी राखियां के दुकान में हुआ। निगम के द्वारा फ्लाई ओवर के नीचे जगह उपलब्ध कराए गए राखी दुकानदारों को राखियों की दुकान सजाए दो दिन भी नहीं हुआ और उसमें चोरों की नजर पड़ गई। लगभग आधा दर्जन के करीब सजी रंग-बिरंगी राखी दुकानों में अज्ञात चोर एक बोरे में राखियों को समेट कर तथा गल्ले में रखी बिक्री की राशि समेट कर भागने ही वाला था कि दुकान में सोए दुकानदार की खटपट सुन कर नींद खुल गई और चोर को बोरे में कुछ चीज लेकर भागते देखा, तो चोर-चोर चिल्लाया और अन्य दुकानदारों के जागने पर दौड़कर उस चोर को पकड़ लिया गया। चोर के साथ से बोरी खोलकर देखा गया तो उसमें तमाम चोरी किए हुए राखियां भरी हुई थी।

### दुकानों की सुरक्षा व सुविधाओं का अभाव

नगर निगम द्वारा राखी दुकान के लिए जगह उपलब्ध कराए गए स्थान फ्लाई ओवर के नीचे राखी दुकान सजाए दुकानदारों का कहना है कि निगम द्वारा फ्लाई ओवर के नीचे दुकानें एलॉट करा दी गई है, लेकिन आवश्यक सुविधाएं व सुरक्षा बिल्कुल ही नहीं है। राखी दुकानों में लाखों का माल भरा हुआ है। सुरक्षा के अभाव में रात में यहां चोरियां हो सकती है और यह घटना यहां बीती रात घट भी चुकी। वह तो गनीमत है कि दुकान में घुसे चोरों की खटपट सुन कर दुकानदार जाग गए और चोर को पकड़ लिया नहीं तो राखी दुकानदार का हजारों रुपयों का नुक़सान होना संभावित था।

राखी दुकानदार महेश महोबे ने बताया कि निगम आयुक्त द्वारा उन्हें राखी दुकान एलॉट कराते समय कहा था कि दुकानदारो को पुलिस पेट्रोलिंग की सुविधा, बिजली पानी व साफ-सफाई की सुविधाएं मिलेंगी। आज दो दिन हो गए दुकान लगाए लेकिन इनमें से एक भी सुविधा नहीं प्राप्त नहीं हुई है। सुरक्षा के अभाव के चलते चोरों ने सेंध मारने की हिम्मत पैदा की।

### फ्लाई ओवर के नीचे संकरे नाली से घुसा चोर

राखी दुकानदारों ने बताया कि रात के अंधेरे में तकरीबन दो- ढाई बजे के करीब चोरों ने राखी दुकान के समीप के संकरे नाली से सरकते हुए दुकान के अंदर घुसे और चोरी की। चोरों ने राखी दुकान के राखियों की चोरी करते समय सारी राखियों को अस्त-व्यस्त कर दिए थे। कुछ राखियां नीचे भी गिरी पड़ी हुई मिली। यह तो गनीमत है कि चोरों की खटपट सुन कर दुकानदार के नींद खुलने से भाग रहा चोर उसके सपड़ में आ गया। बताया जा रहा है कि राखी दुकानदारों के हत्थे चढ़ा चोर कमजोर दिमाग का है। लेकिन उसने महंगी राखियां बोरी में भरकर भागने की फिराक में था। हालांकि दुकानदारों के हत्थे एक ही चोर चढ़ पाया उसके साथ और भी कोई रहा हो तो वह शोर सुनकर नौ-दो ग्यारह हो गया होगा। बहर हाल नगर निगम द्वारा फ्लाई ओवर के नीचे दुकानें उपलब्ध कराए गए राखी दुकानदारों को सुरक्षा का अभाव सताने लगा है वहीं उन लोगों ने निगम से पुलिस व्यवस्था सहित बिजली-पानी व साफ-सफाई व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है ताकि वह रक्षाबंधन के पर्व में सुरक्षित रुप से अपना व्यवसाय कर सके।

# गणेश प्रतिमा निर्माण स्थलों का निरीक्षण : प्लास्टर ऑफ पेरिस के उपयोग पर सख्ती



राजनांदगांव (दावा)। आगामी गणेश चतुर्थी के मद्देनजर राजनांदगांव नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने शहर में गणेश प्रतिमा बनाने वाले स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूर्तिकारों से प्रतिमा निर्माण के तरीकों के बारे में जानकारी ली।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने मूर्तिकारों से कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी प्रतिमाओं का निर्माण पूरी तरह से प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि पीओपी पानी में घुलता नहीं है। जिससे नदियों और तालाबों का पानी प्रदूषित होता है। इसलिए मूर्तियों का निर्माण केवल मिट्टी से ही किया जाना चाहिए। मूर्तिकारों ने आयुक्त को बताया कि वे मूर्ति बनाने के लिए पीओपी का इस्तेमाल नहीं करते हैं, बल्कि काली या कछारी मिट्टी का उपयोग करते हैं, जिसे तालाबों से लाकर पैरा (घास) मिलाकर तैयार किया जाता है।

आयुक्त ने सख्त चेतावनी दी कि छोटी या बड़ी, किसी भी प्रतिमा में पीओपी का उपयोग नहीं होना चाहिए। यदि कोई मूर्तिकार इसका इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य और नजूल विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे सभी प्रतिमा निर्माण स्थलों की लगातार निगरानी करें। यदि कहीं भी पीओपी से बनी प्रतिमा का निर्माण या बिक्री होती पाई जाती है, तो उसे जब्त करने की कार्रवाई की जाए। इसके अलावा आयुक्त ने शहर में गणेश पंडाल स्थापित होने वाले स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजकों से कहा कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और पंडाल ऐसे स्थान पर लगाएं। जिससे यातायात बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा और निगम के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# अभिलाषा में पाक्षिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन कलेक्टर राजनांदगांव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व उप संचालक समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव के उत्कृष्ट प्रयासों से नगर की सामाजिक संस्था अभिलाषा दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास केंद्र में पाक्षिक स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. प्रीति बोरकर होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा गत दिनों स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए बारिश के दौरान होने वाले बीमारियों के रोकथाम के लिए आवश्यक दवाई वितरित किया गया, इस तरह निरंतर स्वास्थ परीक्षण और समुचित निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, जिले में नव पदस्थ उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार, अध्यक्ष संतोष कुमार बोददून, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, सदस्य संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, सूरज बुद्धदेव द्वारा चिकित्सा अधिकारी प्रीति बोरकर सहित जिला प्रशासन व उप संचालक समाज कल्याण के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# नई रेल सेवाओं के शुभारंभ होने से जिलेवासियों में हर्ष

**0 जबलपुर-रायपुर एवं रीवा-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन की 3 अगस्त से होगी शुरुआत**
**0 अंचल वासियों को रेल सुविधाओं के साथ-साथ पर्यटकों की संख्या में होगी बढ़ोतरी - मनोज अग्रवाल अध्यक्ष मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति**



डोंगरगढ़(दावा)। नई रेल सेवाओं के शुभारंभ होने से जिले वासियों में हर्ष व्याप्त है। जबलपुर-रायपुर एवं रीवा-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत 3 अगस्त से होनी है। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने नई ट्रेन के शुरुआत होने पर एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस के डोंगरगढ़ में ठहराव दिलाए जाने पर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति की ओर से सांसद संतोष पांडे का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि, ट्रेन की शुरुआत होने से अंचल वासियों के लिए रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही धर्मनगरी में विराजमान विभिन्न धर्मो के तीर्थ स्थलों मैं आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयासों से डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हुआ है। साथ ही अनेक ट्रेनों का स्टॉपेज भी मिला है। आगे भी लंबित ट्रेनों का स्टॉपेज सांसद संतोष पांडे के माध्यम से डोंगरगढ़ की जनता के साथ - साथ आने वाले दर्शनार्थियों को भी मिलेगा।

रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर-रायपुर-जबलपुर (गाड़ी संख्या 11702/ 11701) दैनिक एक्सप्रेस एवं रीवा-पुणे-रीवा (गाड़ी संख्या 20152/ 20151) साप्ताहिक एक्सप्रेस, दो नई रेल सेवाओं की सौगात दी जा रही है। इन नई रेल सेवाओं के शुरू होने से जबलपुर, बालाघाट, गोंदिया, राजनांदगांव, रायपुर एवं पुणे के बीच यात्रियों को सीधी, सुलभ और सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध होगी। ये सेवाएँ शिक्षा, व्यवसाय, चिकित्सा एवं रोजगार हेतु यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होंगी। साथ ही यह ट्रेनों का संचालन क्षेत्रीय विकास, आपसी संपर्क एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगा। यह सुविधा यात्रियों को एक नियमित, किफायती और भरोसेमंद परिवहन विकल्प उपलब्ध कराएगी। 31 जुलाई को रेल मंत्री द्वारा संतोष पांडे को लिखे पत्र में कहा की, भारत सरकार छत्तीसगढ़ में रेल सेवाओं और बुनियादी ढाँचे के उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में, छत्तीसगढ़ में 44,657 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं। इस बजट में छत्तीसगढ़ को रिकॉर्ड 6,925 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। 32 स्टेशनों का विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशनों के रूप में पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें से 5 स्टेशनों का उद्घाटन हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ में पहले से ही दो विश्वस्तरीय भारत निर्मित वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि 3 एक्सप्रेस ट्रेनें, भावनगर अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस 3 अगस्त 2025 को रवाना होने जा रही हैं। हम आपको ट्रेन के स्वागत के लिए डोंगरगढ़ अथवा राजनांदगांव रेलवे स्टेशनों में से किसी एक स्टेशन पर इस अवसर पर उपस्थित होने के लिए आमंत्रित करते हैं।

### सांसद संतोष पांडे ने पीएम नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया

कल 3 अगस्त 2025 से जबलपुर-रायपुर (01702) नई ट्रेन की शुरुआत डोंगरगढ़ में शाम 05:30 बजे और राजनांदगांव में शाम 05:55 बजे ट्रेन के आगमन के साथ होंगी। क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। सांसद पांडे एवं रेल मंत्री वैष्णव ने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह है कि इस नई ट्रेन का स्वागत करने एवं सुविधा का लाभ लेने अधिक से अधिक संख्या में जरूर पधारें।

# एचएसआरपी रजिस्ट्रेशन शिविर में दूसरे दिन भी दिखा भारी उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में नई नंबर प्लेट के रजिस्ट्रेशन शिविर में पहले दिन जहां 412 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया गया। वहीं भारी उत्साह को देखते हुए शिविर को एक दिन आगे बढ़कर आयोजित किया गया। जिसमें आज सुबह 1 घंटे में ही 250 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया।

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश वैद्य ने बताया कि इस शिविर में लोगों की सक्रियता के कारण एवं आयोजन में लगे चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी के कारण लोगों ने विश्वास किया और बढ़-चढ़कर शिविर का लाभ प्राप्त किया। शिविर की अपार सफलता हेतु उन्होंने चेंबर ऑफ कॉमर्स के शिविर प्रभारी अरुण डुलानी एवं हरीश मोटलानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, नरेश बावरिया, राजकुमार बाफना नवीन अग्रहरि महेंद्र सुराणा, नेमीचंद वेद, सुनील कोटडिया, रानू जैन, संयम कोटडिया, प्रकाश वाधवानी सहित परिवहन विभाग एवं पूज्य सिंधी पंचायत का आभार व्यक्त किया है।

# कांग्रेस की मजबूती और समर्पित नेता थे उदय भैया: कुलबीर

**कांग्रेसजनों ने शहीद स्व. उदय मुदलियार की जयंती पर उनके विचारों को किया याद**



राजनांदगांव (दावा)। शहीद स्व.उदय मुदलियार की जयंती पर 31 जुलाई गुरूवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को याद किया गया। सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि झीरम हमले में शहीद राजनांदगांव के पूर्व विधायक स्व. उदय मुदलियार की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में प्रियनेता शहीद स्व.मुदलियार जी की जयंती पर कामठी लाइन स्थित चुनाव कार्यालय में उनके तैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्व.मुदलियार अमर रहे के नारे लगाते हुए संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई। इस दौरान संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने स्व. उदय मुदलियार को नमन करते कहा कि संगठन के प्रति समर्पित और जुझारू नेता थे, संगठन द्वारा जो भी उन्हें जिम्मेदारी दी वह बखूबी निभाया। उनके साथ बिताएं पलों को याद करते हुए कहा कि हमने एक निष्ठावान साथी खो दिया जो गरीब जनता के हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उदय जी का सबसे बड़ी खासियत यह रही कि लोगों की अलग-अलग विचार, मतभेद होने के बाद भी उसे संगठित करने की बेजोड़ रणनीति की परख थी।

संगोष्ठी सभा को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कांग्रेस बस्तर प्रभारी एवं राजनांगदगांव के पूर्व विधायक शहीद स्व. मुदलियार जी को नमन करते हुए कहा कि राजनांदगांव के लाडले सफल राजनेता एवं कुशल नेतृत्व के धनी थे उदय भैया, कांग्रेस संगठन के प्रति अटूट आस्था थी। स्व.मुदलियार की कही हुई बातें अविस्मरणीय है। उनके बताएं हुए मार्ग पर सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। यह हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सली घटना में ऐसे कांग्रेस के नेता को हमने खोया है जो दिन रात कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में लगे रहते थे, जिसे हम कांग्रेसजन कभी भूला नहीं पाएंगे। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, इकरामुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, श्रीमती शारदा तिवारी, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, संगोष्ठी सभा के माध्यम से उनके साथ बिताए पलों को साझा कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कांग्रेसजनों ने गायत्री मंदिर स्थित स्व. उदय मुदलियार की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों का महामंत्री झम्मन देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

# दोषी डॉक्टरों की निजी प्रेक्टिस सस्पेंड करें एमसीएच प्रबंधन: ग्रेवाल

**डायरिया से किशोरी की मौत के मामले में सिर्फ नोटिस की खानापूर्ति उचित नहीं**



राजनांदगांव (दावा)। पेंड्री स्थित जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में पिछले दिनों डायरिया से एक किशोरी की मौत हो गई। इस मामले पर शहर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हनी ग्रेवाल ने एमसीएच की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, प्रबंधन और जिम्मेदार चिकित्सकों द्वारा घोरा लापरवाही सामने आ रही है जिस पर उन्होंने कहा कि, इस पूरे मामले में प्रबंधन इमरजेंसी ऑन कॉल ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों को नोटिस देकर सिर्फ खानापूर्ति करने की कोशिश करे, ये उचित नहीं है। श्री ग्रेवाल कहा कि, सीनियर रेसिडेंट डा चेतन साहू और जूनियर रेसिडेंट डॉ.पराग मेश्राम को उनकी लापरवाही का एहसास होना चाहिए।

उन्होंने अपनी शपथ झुठलाई है। ग्रेवाल ने मांग की है कि उक्त चिकित्सकों को तीन महीने के लिए निजी प्रेक्टिस से निलंबित किया जाए। ताकि वे अपनी गलतियां समझें और ज्यादा समय देकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों का इलाज करते हुए उनकी समस्याओं को भी करीब से समझें। श्री ग्रेवाल ने कहा कि, दो डॉक्टर जो एक मासूम की जान बचा सकते थे, उसकी जरुरत के समय उपलब्ध नहीं थे। वे अपनी ड्यूटी दौरान नदारद रहे, ये घोर लापरवाही है ऐसे मामले में एमसीएच को कड़े कदम उठाने की जरुरत है। क्यूंकि, यह सिर्फ डॉक्टरों की गैरमौजूदगी से जुड़ा हुआ विषय नहीं है। अलबत्ता सवाल यह भी है कि, इनकी मॉनिटरिंग प्रबंधन क्यूं नहीं कर रहा है। क्या चिकित्सकों के मुताबिक व्यवस्थाएं चल रही हैं। जिम्मेदार डॉक्टरों के सीआर में इस घटना का दर्ज होना भी बेहद जरुरी है। ताकि दूसरों को इससे कड़ा सबक मिले। चेतावनी देते हुए श्री ग्रेवाल ने कहा कि, एमसीएच प्रबंधन अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं करता है तो इस संबंध में उनसे सीधे सवाल पूछे जाएंगे।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 का समापन



राजनांदगांव (दावा)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 मध्य क्षेत्र संभाग कमांक 2 स्तरीय आयोजन का आज अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिक निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाडियों को उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान अतिर्थियों ने विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को पुरस्कार वितरण किया तथा प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सुश्री दीक्षा गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तरीय आयोजन अंतर्गत दो दिवसीय खेल का आयोजन किया गया। जिसमें 6 जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, राजनांदगांव और महासमुंद के लगभग 517 खिलाड़ी शामिल हुए। राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धा में तीरंदाजी, ऐथलिट, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, चेस, जिमनास्टिक, जुडो, टेनिस, शूटिंग, टेबल टेनिस, ताईक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, फ्री स्टाइल कुश्ती, योगा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। टीम स्पर्धा में बास्केटबाल, फुटबाल, हेण्डबाल, कबड्डी, खो-खो, बालीबाल खेल प्रतियोगी का आयोजन हुआ। खेल स्पर्धाओं का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, स्टेट हाईस्कूल, गायत्री स्कूल, कमला कॉलेज, बजरंगपुर स्टेडियम एवं मोतीपुर अखाड़ा में हुआ।

# दिग्विजय कालेज में काउंसलिंग होने के बाद भी बची हुई है सीटें

**बीएससी, मैथ्स के 70 व डीसीए की 35 सीटें बची, बढ़ाई जा सकती है दाखिला की तिथि**



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में चार बार मेरिट की सुची जारी होने के बाद भी अभी तक महाविद्यालय की सभी सीटें भरी नहीं जा सकी है। बता दें कि मेरिट की अंतिम सूची जारी होने के बाद 29 जुलाई को ओपन काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया गया। इसके बाद भी बीएससी मैथ्स में 70 सीटें तथा डीसीए में 35 सीटें अभी भी रिक्त हैं। जानने में आ रहा है कि शेष बचे सीटों को भरने के लिए दाखिला की तिथि आगे बढ़ाई जा सकती है। बताते चलें कि शहर सहित जिलेभर के महाविद्यालयो में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के लिए दाखिला की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक थी। वैसे भी नई शिक्षा नीति के आधार पर सेमेस्टर पद्धति से पढ़ाई और परीक्षाएं होती है ऐसे में जुलाई तक प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी थी। वहीं उक्त अवधि तक कालेज में बांकी कोटे की सीटें फुल हो गई थी।

### बीएससी मैथ्स व डीसीए की सीटें है रिक्त

बता दें कि दिग्विजय महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर में 550 सीटें हैं। बीएससी बायो में 500 सीटें तथा बीएससी मैथ्स में 300 व बीकॉम में 500 एवं बीसीए प्रथम सेमेस्टर के लिए 60 सीटें हैं। बताया जाता है कि आरक्षण के आधार पर चार बार जारी की गई मेरिट की सूची के बाद भी बीए, बीएससी और बीकाम की निर्धारित सीटें भर नहीं पाई थी। जब काउन्सिल प्रक्रिया शुरू हुई तो पहले दिन से ही काउंसलिंग के पहले की सीटों की जानकारी नहीं दिए जाने को लेकर विरोध किया जा रहा है। एनएसयूआई द्वारा सीटें छुपाने का आरोप भी लगाया गया। अभाविप भी इसका विरोध करने लगे। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा पूरी 29 सीटों के लिए सूची निकाली है। दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि कालेज की बीएससी मैथ्स के 70 व डीसीए की 35 सीटें और भरे जाने हैं। उन्होंने बताया कि वैसे भी उक्त सीटें प्रायः भरी नहीं होती। शायद उक्त सीटें भरने के लिए दाखिला की तिथि आगे और भी बढ़ाई जाए तो इसके लिए दुर्ग के स्व. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से अनुमति लेनी होगी।

# गौसेवा और गौरक्षा के संदेश के साथ निकलेगी अंतिम सोमवार की कांवड़ यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। सावन मास के पवित्र महीने में राजनांदगांव में भक्ति और श्रद्धा का माहौल है। इसी कड़ी में श्री बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट, श्री बागेश्वर धाम मंदिर में सावन महोत्सव 2025 मना रहा है। जिसमें शिवभक्ति के साथ-साथ जनकल्याण पर भी जोर दिया जा रहा है। सावन के अंतिम सोमवार को एक विशेष कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जिसका मुख्य उद्देश्य गौसेवा और गौरक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। इस यात्रा को श्री बागेश्वर धाम गौ-सेवा प्रेरणा कांवड़ यात्रा नाम दिया गया है।

ट्रस्ट के सेवक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, मयंक शर्मा, भावेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल और राजेश शर्मा इसके लिए तैयारियों में जुटे हैं। इस यात्रा में एक आकर्षक झांकी भी शामिल होगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण, शिवजी और हनुमान जी गौसेवा और गौरक्षा का संदेश देते हुए नजर आएंगे। यह झांकी पंकज गुप्ता, सौरभ गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, गप्पू सोनकर और अन्य सेवकों द्वारा तैयार की जा रही है। ट्रस्ट ने सभी धर्मप्रेमी शिवभक्तों और गौसेवकों से इस पुण्य यात्रा में शामिल होकर गौसेवा का संदेश फैलाने में सहयोग करने की अपील की है। यह जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर के सेवक अजय गुप्ता ने दी।

## अनमोल दावा

*हम सभी पर्वत के शिखर पर जीना चाहते हैं, लेकिन सारी खुशियाँ तब घटित होती हैं जब हम पहाड़ चढ़ रहे होते हैं।*

## सम्पादकीय

# ट्रम्प टैरिफ : अमेरिकी प्रेसिडेन्ट का विचित्र व्यवहार समझ से परे

भारत में पच्चीस प्रतिशत टेरिफ और पेनाल्टी लगाकर अमेरिका के प्रेसीडेन्ट डोनाल्ड ट्रम्प ने अचम्भित कर दिया है। वास्तव में ट्रम्प भारत पर अपनी मनमर्जी अनुसार संबंध रखना चाहते हैं। वैसे, वे कभी भारत बाबत अच्छा बोलते हैं तो कभी खराब बोलने में भी कोई संकोच नहीं करते। वे नरेन्द्र मोदी को अपना मित्र भी बताते हैं। लेकिन, मित्रता जैसा व्यवहार नहीं करते। ट्रम्प ने पूर्व में स्वंय कहा था कि, अमेरिका भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कर रहा है। लेकिन, वे ट्रेड डील अपनी शर्तों पर करवाना चाहते थे। कृषि उत्पादन पर भारत ने किसी भी प्रकार का समझौता करने से इन्कार कर दिया था। यह ही बात अमेरिका को खराब लगी थी। ट्रेड डील की चर्चा करने के लिए आगामी तारीख 25 अगस्त को अमेरिका का प्रतिनिधि मंडल भारत आ रहा है, तभी डोनाल्ड ट्रम्प ने 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। वैसे, ट्रम्प ने तो तीन माह पहले ही भारत पर सख्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी थी। फिर उन्होने खुद ही उसे तीन माह के लिए स्थगित कर दिया था। ट्रेड डील में भारत ने अमेरिका की बात नहीं मानी। इस कारण, ट्रम्प ने टैरिफ लगाने की चेतवानी दे दी।

भारत के रूस और ईरान के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध है। भारत ने रूस के साथ शस्त्रों को खरीदने का अनुबंध किया। यह भी ट्रम्प को ठीक न लगा था। किन्तु, भारत ने स्पष्ट संदेश दे दिया था कि उसे जो उचित लगेगा, वह वैसा ही काम करेगा।

ट्रम्प ने अब टैरिफ लगाकर भारत और अमेरिका के संबंधों पर दांव लगा दिया है। एक अगस्त 25 से टैरिफ लगाने वाले डोनाल्ड ट्रम्प ने अब इसे आगामी सात दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। भारत हमेशा कूटनीति शास्त्र पर चलते रहा है। इस समय भी वह कूटनीतिक मार्ग पर चल रहा है।

डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी मरतबे अमेरिका के प्रेसिडेन्ट बने हैं तभी से वे अन्य देशों के संघर्ष में टांग अड़ाने का काम कर रहे हैं। फिर वह भारत-पाकिस्तान युद्ध हो या रूस-युक्रेन या इजराइल-ईरान युद्ध हो। अमेरिका ने इजराइल को प्रसन्न करने ईरान पर हमला कर दिया था। बाद में अचानक ही सीजफायर की घोषणा कर दी थी। इसके पीछे डोनाल्ड ट्रम्प का आशय ईरान के साथ मनमुताबिक न्युक्लियर डील करना था।

नि:संदेह, डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ लादने की घोषणा से हमारे देश में आर्थिक झटका ही लगेगा। फिर वह कम या ज्यादा हो, यह अलग बात है। अब इस टैरिफ समस्या का निराकरण कैसे हो? यह सबसे बड़ा प्रश्न है। अमेरिका के व्यवहार से एक बात तो स्पष्ट है कि अमेरिका पर अब ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता। अमेरिका का अप्रिय व्यवहार केवल भारत के साथ ही नहीं, अपने अन्य मित्र देशों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार कर रहा है।

अमेरिका प्रेसीडेन्ट डोनाल्ड ट्रम्प जो कुछ भी कर रहे हैं, उसकी असर उनके देश में भी होगी। डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ वार के कारण अमेरिका में भी मंहगाई बढ़ी है। वहां के उद्योगपति भी तनावग्रस्त हैं। टैरिफ के कारण डिमांड कम होने का भय उन्हें सता रहा हैं। अमेरिका के आर्थिक विशेषज्ञ ने ट्रम्प सरकार को चेतावनी भी दे रहे हैं, कि आर्थिक मुद्दे बाबत शांतिपूर्वक धैर्य से निर्णय लेने की आवश्यकता है। किन्तु, दुर्भाग्य कहें या करूणता कि डोनाल्ड किसी के सुझाव को नहीं मानते। वे अपनी मनमर्जी के मालिक हैं।

भारत को परेशान करने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने कुछ दिनों पहले गूगल और माइक्रोसाफ्ट कम्पनियों से कहा था कि भारत के युवकों-युवतियों को नौकरी पर मत रखो। ट्रम्प के दिल दिमाग को समझना शायद ये किसी मनोचिकित्सक के बस की बात नहीं है।

# पीएम-किसान: किसानों के सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के रूपांतरण का भारत का वैश्विक खाका


डॉ. प्रमोद मेहरदा


अरिंदम मोदक

समावेशी विकास और ग्रामीण समृद्धि के सफर में, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, भारत सरकार की एक अग्रणी पहल के रूप में उभर कर सामने आई है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई, इस पहल ने लाखों छोटे एवं सीमांत किसानों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और पूरी तरह से डिजिटल, कुशल एवं पारदर्शी प्रणाली के जरिए प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के एक वैश्विक मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है।

### प्रत्यक्ष समर्थन के जरिए किसानों का सशक्तिकरण

मूल रूप से, पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है। यह सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए 2,000 रुपये की तीन बराबर किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है। इस सुव्यवस्थित एवं तकनीक-संचालित कदम से बिचौलियों की भूमिका, लाभ मिलने में होने वाली देरी और त्रुटि की गुंजाइश खत्म होती है और एक-एक पाई इच्छित लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित होता है। इस योजना की शुरुआत से लेकर अब-तक, कुल 3.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस प्रकार, पीएम-किसान दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल रूप से क्रियान्वित नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक बन गया है। आंकड़ों से परे, यह कदम सब्सिडी से हटकर सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ने संबंधी एक बदलाव का प्रतीक है। बात चाहे बीज की हो या उपकरण या शिक्षा या फिर स्वास्थ्य की, इस योजना से किसानों को यह तय करने की आजादी मिलती है कि वे इस सहायता का सबसे बेहतर इस्तेमाल कैसे करें।

### भारत के छोटे किसानों के हित में एक परिवर्तनकारी कदम

दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले भारत के 85 प्रतिशत से अधिक किसानों के लिए ये लाभ बुवाई या कटाई के मौसम में एक अहम आर्थिक सेतु का काम करते हैं। ये लाभ अल्पकालिक नकदी प्रवाह के तनाव को कम करते हैं, अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी लाते हैं और संकट के समय एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं।



वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर, पीएम-किसान योजना समावेशिता, सम्मान और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक भागीदार के रूप में किसान की मान्यता का प्रतीक है।

### डिजिटल शासन की श्रेष्ठता

पीएम-किसान की सफलता का श्रेय भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे को जाता है। जेएएम की तिकड़ी - जन धन बैंक खाते, आधार बायोमेट्रिक पहचान और मोबाइल कनेक्टिविटी - ने बड़े पैमाने पर लाभ के निर्बाध वितरण को संभव बनाया है। स्व-पंजीकरण से लेकर भूमि स्वामित्व के सत्यापन और डीबीटी द्वारा समर्थ भुगतान तक, इस पूरी योजना का जीवनचक्र डिजिटल है।

राज्य सरकारों के सहयोग से, पीएम-किसान डिजिटल रूप से समन्वित तथा एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पहुंचने वाले शासन के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में कार्य करता है। इसने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों, लाभार्थियों के डेटाबेस और भुगतान प्रणालियों को सफलतापूर्वक समन्वित किया है और इससे दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में किसान-केन्द्रित एक उत्तम संरचना का निर्माण हुआ है।

पीएम किसान ने कृषि से जुड़े इकोसिस्टम में किसान ई-मित्र वॉयस-आधारित चैटबॉट और एग्री स्टैक जैसी नवीन परियोजनाओं को भी प्रेरित किया है। एग्रीस्टैक व्यक्तिगत, समय पर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे भारतीय कृषि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके।

### वैश्विक मानकों की स्थापना

दुनिया भर में, प्रत्यक्ष लाभ कार्यक्रमों को गरीबी उन्मूलन के कारगर साधनों के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। फिर भी, पीएम-किसान की कुछ अनूठी विशेषताएं हैं - इसका विशाल आकार, गति और डिजिटल विश्वसनीयता इसे बिखरी हुई कृषि सहायता प्रणालियों में सुधार के लिए प्रयासरत देशों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनाती है। आईएफपीआरआई, एफएओ, आईसीएआर और आईसीआरआईएसएटी जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने, ऋण की सुलभता में सुधार, असमानता को कम करने और आधुनिक कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में पीएम किसान की भूमिका पर प्रकाश डाला है। कई देशों में जारी सशर्त हस्तांतरण के उलट, इसका विश्वास-आधारित व बिना शर्त वाला दृष्टिकोण, सहभागी एवं सम्मान-आधारित कल्याणकारी वितरण की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

### ग्रामीण विकास को गति देना

पीएम-किसान का सकारात्मक प्रभाव केवल व्यक्तिगत लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं है। इसके तहत होने वाले अनुमानित नकदी प्रवाह ने ग्रामीण बाजारों को पुनर्जीवित किया है, कृषि-उत्पादों की मांग को प्रोत्साहित किया है और घरेलू उपभोग के पैटर्न को मजबूत किया है। इसने महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर उन मामलों में जहां बैंक खाते संयुक्त रूप से खोले जाते हैं।

इसके अलावा, यह एक समग्र और परस्पर संबद्ध ग्रामीण विकास इकोसिस्टम का निर्माण करके मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम फसल बीमा योजना और ई-नाम जैसी अन्य प्रमुख योजनाओं का पूरक है। किसानों के लिए एक पेंशन योजना, पीएम-किसान मानधन योजना के साथ इसका एकीकरण, भारत के कृषि कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

### सुनहरे भविष्य का एक दृष्टिकोण: दृढ़ता, समानता और स्थिरता

पीएम-किसान एक वित्तीय सहायता तंत्र से कहीं बढ़कर है। यह भारत सरकार के किसानों के नेतृत्व वाले विकास का एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। अधिकार से सशक्तिकरण की ओर, सहायता से स्वायत्तता की ओर स्थानांतरित होकर, यह राज्य और किसान के बीच अनुबंध को नए सिरे से परिभाषित करता है।

भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में पीएम-किसान जैसी पहल समावेशी प्रगति की नींव रखती है। उन्नत तकनीकों के निरंतर एकीकरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति दृढ़ता, स्थिरता और सटीक कृषि पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, यह योजना बदलाव की दिशा में एक बेहद शक्तिशाली कदम के रूप में विकसित होने के लिए तैयार है।

पीएम-किसान विश्वास, तकनीक और परिवर्तन की कहानी है। यह दुनिया के लिए भारत का योगदान है। यह योजना एक जीवंत उदाहरण है कि कैसे एक दूरदर्शी नीति, डिजिटल नवाचार और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर, लाखों लोगों को सशक्त बना सकती है और 21वीं सदी के शासन को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है।

***अतिरिक्त सचिव एवं सलाहकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार***

## परिचर्चा

# भूले ना भुलाए सावन की खट्टी-मीठी यादें

**विजय मिश्रा "अमित"**



मनभावन सावन समस्त प्राणियों के लिए वरदान होता है।खेतों में हल चलाते कृषक जहां उल्लास में डूबे रहते हैं। वहीं परंपराओं को समेटे हुए नारी समुदाय सखियों के संग झूलती-झूमती-नाचती-गाती हैं। मायके से ससुराल तक के सफर में मनभावन सावन की खट्टी-मीठी यादों पर केंद्रित परिचर्चा में सुप्रसिद्ध लेखिका, कलाकारों ने अपने अनुभव को कुछ इस तरह से साझा किया है-

### सावन में पतिदेव के साथ चढ़ी गेंड़ी-खेली खो खो- पद्मश्री उषा बारले

सावन का संस्मरण सुनाते पद्मश्री उषा बारले जी बोली- मेरी जिंदगी में सावन ने सुख-दु:ख दोनों को दिखाया है।बालपन में ही मेरा ब्याह अमरदास बारले जी से हो गया था। हमारा घर आस-पास ही था। इसलिए हरेली पर उनके साथ गेंड़ी चढ़ने, कीचड़ में सने हुए खो खो, कबड्डी खेलने का मजा लेती थी। जिसे देख कर मेरी मां डांटते हुए मुझे कहती थी-दामाद के संग खेलते-झगड़ते रहती है। कुछ तो लोक लिहाज बनाके रख। तब हम खिलखिला कर हंस पड़ते थे।

ससुराल में आई तभी एक बार त्योहार मनाने के लिए भिलाई से पुस्तैनी गावं बिनायकपुर जाना पड़ा। तब मैं गर्भवती थी, साथ में मेरी छोटी बेटी भी थी। रास्ते में तांदुला नदी पड़ी, जिसमें घूंटने भर पानी बह रहा था, लोग आर-पार जा रहे थे अतः मैं भी बेटी का हाथ पकड़कर नदी पार करने लगी। आधे से अधिक पार कर चुकी थी, तभी अचानक नदी का पानी बढ़ गया। मैं डर के मारे कांप गई पर गुरु बाबा का स्मरण करते हुए हिम्मत बनाए हुए नदी को पार कर गई थी।

मेरी जिंदगी की गाड़ी निर्बाध रूप से चल रही थी, किंतु एक वर्ष हरेली पर्व के एक दिन पहले ही मेरी सत्रह वर्षीय बिटिया का निधन हो गया। इस वज्रपात से मैं टूट गई थी। महीनों पंडवानी गा नहीं सकी थी। तब माननीय सत्यनारायण शर्मा जी जैसे शुभचिंतकों ने मुझे संबल दिया। मैं पीड़ा से उबरी, पंडवानी गाना आरंभ की और आगे चलकर पद्मश्री पुरस्कार से अलंकृत हुई।

### सावन में दिखा सांप का डर-भाई का धर्म- डॉ. मृणालिका ओझा

सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ.मृणालिका ओझा बताई- वर्ष 1960 की बात है। मैं मिशन प्राथमिक स्कूल बंधवा पारा रायपुर में पहली कक्षा में पढ़ती थी। सावन में एक दिन स्कूल से घर लौट रही थी। तभी गरजते बादल, चमकती बिजली संग मूसलाधार तेज वर्षा होने लगी।

मैं थोड़ी देर एक जगह रुक गई, किंतु बारिश और भी तेज हो गई सड़क पर पानी भर गया। मै बहुत अधिक डर गई, रोने लगी। तभी हमारे मोहल्ले का एक लड़का आया और बोला-डर मत मीनू। तुझे घर पहुंचा देता हूं।

सिसकते-भीगते घर की ओर चल पड़ी। तभी एक सांप हमें तैरते हुए दिखा। वह आगे आगे हम उसके पीछे-पीछे। जैसे तैसे हम घर पहुंच गए। ओ लड़का हमारे पारिवारिक पुरोहित पंडित रतनलाल जी का बेटा शरद झा था, जो कि बड़े भाई की तरह मेरा सहारा बन गया था। सावन के महापर्व रक्षाबंधन में स्मरण करती हूं कि शरद भैया ने भाई धर्म का बखूबी निर्वहन किया था।

### सावन की सफलता बना गई नींव मजबूत-इंस्पेक्टर तरुणा

राजनांदगांव की रेल्वे पुलिस इंस्पेक्टर और सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तरुणा साहू अपनी जिन्दगी के वर्ष 2006 के सावन का स्मरण करते हुए बताई - कालेज में पढ़ाई कर रही थी, तभी दूरदर्शन रायपुर से खबर मिली कि ''गुलदस्ता'' कार्यक्रम की एंकरिंग के लिए मेरा चयन हुआ है।मुझे सावन पर रुपक लिखना-बोलना है। एवज में पांच सौ पारिश्रमिक की प्राप्ति होगी।

यह जानकर मेरा मन मेंढकों की तरह कूदने लगा। अपनी जिन्दगी के एक बड़े सपने को सावन की फुहार संग पूरा होने की सुखद अनुभूति मुझे हुई। किसान के हल की तरह मैं कलम लेकर कागज की खेत पर सावन के रुपक का सुनहरा बीज बो गई।

मेरा रूपक जब टेलीविजन पर प्रसारित हो रहा था तब मेरे गावं नगरी में हम सपरिवार उसे देख रहे थे। मुझे टीवी पर देखकर मेरी मां की आंखों से खुशी के आंसू सावन में बरसते पानी की तरह बह रहे थे। मेरे पिताश्री की छाती गर्व से केले के पत्ते की तरह चौड़ी हो गई थी। सावन में मिली सफलता की उस पहली फुहार ने मेरी जन्दिगी में नया सबेरा का द्वार खोल दिया था। अंत में सार में कह सकते हैं कि हमारी कलमकार-कलाकार बहनों ने मनभावन सावन की यादों को बड़ी खूबसूरती के साथ न केवल संजोया हुआ है, बल्कि प्रेरक संदेशों सहित छत्तीसगढ़ में प्रचलित इस कहावत को सिद्ध कर दिखाया कि-''सावन के मेघों का बरसना और मां के हाथों का परोसना की बराबरी कोई नहीं कर सकता''।

**पूर्व महाप्रबंधक, अग्रोहा कॉलोनी पोऑ, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492013**
**मो.9893123310**

## सामयिक चर्चा

# राहुल, राहुल बनें, मोदी-मोदी न करें!

खबर पढ़कर, हंसकर
बानी बोले - ''गजाधर!
फिर राहुल गांधी बोले मोदी पर -
उन्होंने कहा - ''ट्रम्प ने सही कहा
कि इंडियन इकोनामी मर चुकी:
इसे मोदी ने मारा,
ये बात सबको पता है,
पीएम और वित्तमंत्री को छोड़कर
और उधर संसद में गजाधर!
ट्रम्प के डेड इकोनामी वाले बयान पर
वाणिज्य और उद्योग मंत्री
पीयूष गोयल बोले -
''भारत तीसरी सबसे बड़ी
अर्थव्यवस्था बनने को तैयार।''
अब ऐसे विरोधाभाषी बयान पर
आप क्या कहेंगे यार?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
जो बार-बार, एक ही पर,
अपनी उंगली उठाता है
वह खुद की तरफ उठी
अपनी तीन उंगलियों को
नहीं देख पाता है।
और यह भी देखो -
जो दूसरे की बुराई किया करते है
वे यह नहीं समझते हैं
कि लोग उन्हें 'अच्छा'
नहीं कहते हैं।
मुझे तो लगता है, सपने में भी
राहुल गांधी कहते होंगे-
''हाँ! हाँ!! इसका कारण है मोदी।
पर वे खुद नहीं जान पाते
कि उन्होंने अपनी मौलिकता
किस कदर खो दी।''


गिरीश बख्शी

## कविता

# ''पारंपरिक मूल्यों का महत्व''

पारंपरिक मूल्यों की विरासत,
खोती सी जा रही है।
बुजुर्गों की सीख अब,
ठंडे बस्ते, सोती सी जा रही है।
'पुरातन परंपराओं' को हम,
आज भूला बैठे हैं।
आधुनिकता की होड़ में,
विरासत अपनी गंवा बैठे हैं।
जिन मूल्यों से हम हुए आबाद,
उन्हें नकार दिया है हमने।
जो बातें हमें कर सकती बर्बाद
उन्हें स्वीकार लिया है हमने।
पारंपरिक मूल्यों को अब,
सहेजना ही होगा।
चाहते हो यदि सुखद भविष्य,
परंपराओं से जुड़े रहना ही होगा।


सोनल सिंह
कोलिहापुरी, दुर्ग (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले मे आप नये लोगो से मिलेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सीनियर लोग आपके कार्यो की तारीफ करेंगे। आज आपके बच्चे आपको कोई गुड न्यूज दे सकते हैं, जिससे आप उनपर गर्व महसूस करेंगे।

**वृष राशि** — आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। बिजनेस में बड़ी डील फाइनल होने के कारण आज घर पर पार्टी करेंगे। घरेलू कार्यों परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में आज आपका मन लगा रहेगा। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते है। आपके जुनियर आपसे काम सीखना पसन्द करेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। पहले किये गए किसी सामाजिक कार्य के लिए आज आपको सम्मानित किया जायेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। परिवार वालों के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बन सकता है।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके मन में नएङ्कनए विचार आयेंगे। आज आप किसी नए व्यापार की योजना भी बनाएंगे। पारिवारिक कार्यों को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। संगीत तथा कला में रुझान रखने वाले लोगों को आज किसी अच्छे प्लाफोर्म पर काम करने का ऑफर आएगा।

**सिंह** — आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। आज दाम्पत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा। राजीनीति में सक्रीय लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लेखन कार्य कर रहे लोगों के किसी लेख की तारीफ होगी। आज आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि होगी।

**कन्या** — आज आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो समय रहते पूरा हो जाएगा। फर्नीचर खरीदना चाहते हैं तो आपके लिए आज का दिन शुभ है। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी।

**तुला** — आज पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के ऑर्किटेक के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा। अगर कोई नयी गाड़ी खरीदना चाह रहें है तो आज ले लीजिए।

**वृश्चिक** — आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। आज आप अपने स्वभाव में परिवर्तन लायेंगे, इससे परिवार वाले प्रसन्न होंगे। आज इलेक्ट्रानिक सामान खरीदने का प्लान बना सकते हैं। आज आप घर पर किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज के दिन कोई करीबी आपकी खुशियों को दोगना कर देगा।

**धनु** — आज का दिन बिजनेस के लिए फायदेमंद होगा। दाम्पत्य रिश्ता आज मधुरता से भरपूर रहेगा। आज आप किसी दोस्तों के साथ कोई बिज़नस शुरू करने का प्लान बना सकते हैं। लक्ष्मी के रुप में नए मेहमान के आने की खुशी में घर में पार्टी करेंगे। ग्राफ़िक डिज़ाइनर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर होगा, जहां से अप-एण्ड-डाउन करने में आपको आसानी होगी। जीवनसाथी से निजी समस्यायों को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ** — आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। शाम को जीवनसाथी के सहयोग से आप कोई घर का काम पूरा करने में सफल होंगे। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज आपको व्यापार में अचानक धनलाभ का अवसर प्राप्त होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा। आपके मन मे व्यापार को लेकर नए-नए विचार आएंगे। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से होगी।

# ढाबा-रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा अवैध शराब का कारोबार

ठेलकाडीह (दावा)। कहने को तो एसपी साहब ने अवैध शराब बिक्री और अवैध शराब कोचियों पर कार्रवाही करने के निर्देश तो दे दिए है। लेकिन उनका यह निर्देश सुकुलदैहान गांव में जिस प्रकार से अवैध शराब कारोबार हो रहा है, इससे ऐसा नही लगता कि यहां कोई कानून है। बहरहाल यहां की महिलाएं से लेकर स्कूली बच्चे व बुजुर्ग परेशान है। आलम यह है कि यहा और आसपास के युवा वर्ग भी नशे के गिरफ्त में आ रहे है। गांव-गांव गली मोहल्ले में शराबियों की हरकते बढ़ रही है। माहौल अराजक होता जा रहा है। अपराधिक गतिविधियां भी बढ़ रही है। ऐसे में विभागीय कार्रवाई न होना बड़ा सवाल है। हालाकि पखवाड़ेभर पूर्व एसपी साहब से शिकायत के बाद पुलिस ने छोटी मोटी कार्रवाई कर कुछ दिनों के लिए ढाबा में यह कारोबार बंद थी। अब फिर ढाबा में शराब बेचने व पिलाने का खेल शुरू हो चुका है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या एसपी साहब के निर्देश को ठेंगा दिखाया जा रहा है। या यू कहे कि सुकुलदैहान चौकी पुलिस व आबकारी विभाग की संरक्षण में यह पूरा कारोबार फलफूल रहा है।

### खाकी की साख पर बट्टा लगा रहे छोटे साहब

जिस प्रकार से सुकुलदैहान कसारी मार्ग पर स्थित ढाबा में अवैध शराब खुलेआम बेचने व बैठाकर पिलाने की सुविधा मुहैया कराई है। इससे महज 100 मीटर की दूरी पर सुकुलदैहान पुलिस चैकी है। फिर भी इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई न होना बड़ा सवाल है। क्षेत्र में मशहूर चौकी के एक पुलिस अधिकारी जिसे क्षेत्र में छोटे साहब के नाम से जाना जाता है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि उन्ही छोटे साहब की मेहरबानी से पूरा कारोबार फलफूल रहा है। ये साहब खाकी की साख पर बट्टा लगाने से नही चूक रहे है।




**ढाबों में खुलेआम शराब पिलाने और बेचने का चल रहा खेल**

### नशेड़ियों के आंतक से परेशान है स्कूली बच्चें

सुकुलदैहान में शासकीय हायर सेकेडरी स्कूल संचालित है। जहां कसारी, रूआंतला, नवागांव सहित आसपास के दर्जनभर गावों के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते है। कसारी जाने वाले मार्ग में स्थित ढाबा में अवैध शराब बेचने व पिलाने के चलते रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चें बेहद परेशान होते है। मार्ग में शराब के नशे असामाजिक तत्व के लोग गाली-गालौज, शराब के नशे में रोड पर हुड़दंग जैसे स्थिति रोजाना होती है। ऐसे में स्कूल पहुंचने व स्कूल से घर जाने से इस मार्ग पर स्कूली बच्चें खौफ रहते है। न जाने कब कही अनहोनी घटना न हो जाए।

### अवैध शराब बिक्री रोकना प्रशासन की बड़ी चुनौती

सुकुलदैहान गांव में यहां अवैध शराब बेचने व खुलेआम परोसने वाले की सेंटिग इतनी तगड़ी है कि शिकवा-शिकायत सब फेल है। लगातार बढ़ रहे अवैध शराब कारोबार से ऐसा प्रतित होता है कि यहां के अवैध शराब कारोबार करने वाले को प्रशासन का कोई भय नही है। यहां अवैध शराब के कारोबार को बंद कराना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती हो गई है। जबकि पूर्व में कसारी गांव के युवाओं ने उक्त अवैध कारोबार को बंद कराने की शिकायत कर चुके है। इससे बाद भी पुलिस इस मसले पर गंभीरता नही दिखा रहे है।

### आबकारी तंत्र अंजान या फिर जानने की इच्छा ही नहीं

जिले के मुखिया ने पूर्व में एक बैठक में अवैध कारोबारियों पर लगाम लगाने के लिए कहा है। अब सवाल यह उठता है कि ऐसे अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई कब होगी। हालांकि इन कारोबारियों की जानकारी बीजेपी हो या फिर कांग्रेस के नेताओं की जानकारी है। यहां तक आबकारी विभाग तक को जानकारी है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। या यू कहे कि इस कारोबार से अंजाम है या फिर जानने की इच्छा ही नही है, यह एक बड़ा सवाल है।

# कलेक्टर ने छुरिया विकासखंड के दूरस्थ वनांचल खोभा, जोब व पंडरापानी का किया सघन दौरा



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर में स्थित दूरस्थ वनांचल ग्राम खोभा, जोब एवं पंडरापानी में जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों सघन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम खोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोभा, सड़क चिरचारी एवं भेजराटोला में एएनएम पदस्थ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। कलेक्टर ने ग्राम खोभा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवासीय कॉलोनी में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से आवास निर्माण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महती योजना है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें आवास योजना के तहत सभी किस्त मिल गई है तथा मनरेगा के तहत पारिश्रमिक भी प्राप्त हो गया है। कलेक्टर ने ग्राम जोब में हाईस्कूल का निरीक्षण किया और स्कूल के बच्चों से बातचीत कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने प्राचार्य को स्कूल में मरम्मत सहित अन्य कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम जोब में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छाग्राही समूह द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने स्वच्छताग्राहियों को यूजर चार्ज संग्रहण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने ग्राम पंडरापानी में जनसामान्य से रूबरू हुए और शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण से शाला में शिक्षक की पदस्थापना होने से शिक्षकों की कमी दूर हो गई है। शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त होने से ग्रामीण संतुष्ट है। कलेक्टर को ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल के आवश्यक मरम्मत कार्य के संबंध में जानकारी दी।

## पहला कॉलम...

### मां के जन्मदिवस पर पौधारोपण



तुमड़ीबोड़ (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार से व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा आज 1 अगस्त को अपने मां के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण कर उसकी देखभाल हेतु संकल्प लिया गया। और इस पुतिन कार्य हेतु छात्र-छात्राओं को भी प्रेरित किया गया। आप विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी शिक्षक भी हैं। और आप हमेशा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण हेतु प्रमुखता से कार्य करते रहते हैं।

### अत्यधिक वर्षा से सड़क क्षतिग्रस्त, आवागमन हुआ प्रभावित



डोंगरगढ़ (दावा)। बीते दिनों डोंगरगढ़ क्षेत्र में हुई मूसलाधार वर्षा ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। निचले इलाकों में जल भराव से बाढ़ जैसे हालात उत्पादन हो गए। इसी बारिश में ग्राम करवारी को ग्राम कलकसा से जोड़ने वाली डब्लूबीएम (कच्ची) सड़क 2 स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय निवासियों को जान जोखिम में डालकर क्षतिग्रस्त मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से खेती किसानी का कार्य भी प्रभावित हुआ है। शासन प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है की उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए। अन्यथा भविष्य में बड़ी दुर्घटना होने की प्रबल संभावना है।

### बाढ़ पीड़ितों की ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने की मदद, राहत हेतु विभागीय अधिकारियों को दी जानकारी



डोंगरगढ़ (दावा)। गत दिनों लगातार बारिश के चलते ग्राम कन्हारगांव में निवास करने वाले अनेक परिवारों का घर क्षतिग्रस्त हुआ था। जिसकी जानकारी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा तहसीलदार को दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार के निर्देश पर तत्काल हल्का पटवारी को मौका मुआयना के लिए भेजा गया। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा की उपस्थिति में पीड़ित परिवार के घरों का सघन सर्वे किया गया। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने भाजपा नेता अनिल सिन्हा और प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारीयों का धन्यवाद ज्ञापित कर उचित मुआवजा की मांग की है।

### प्रयोगशाला परिचालक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त को, जिले में बनाए गए 4 परीक्षा केन्द्र, 1100 परीक्षार्थी होंगे शामिल

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचालक भर्ती परीक्षा का आयोजन आगामी 03 अगस्त 2025 (रविवार) को किया जा रहा है। परीक्षा का समय पूर्वान्ह 11 बजे से अपराह्न 1:15 बजे तक निर्धारित किया गया है। व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षा जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में आयोजित की जाएगी। जिसमें कुल 1100 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिले में कुल 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। व्यापमं द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। ताकि फ्रिस्किंग एवं सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से प्रवेश से पूर्व हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर व हाथों से तलाशी ली जाएगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार प्रातः 10:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। जिसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने व फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, कान में किसी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित किया गया है। परीक्षा के दौरान प्रारंभ व समाप्ति के आधे-आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार का संचार या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पर्स, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित किया गया है। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र की मूल प्रति एवं वैध फोटो पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना पहचान पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। व्यापमं व जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे केवल अपने प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केन्द्र पर ही उपस्थित हों तथा सभी दिशा-निर्देशों का पालन कर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित परीक्षा संचालन में सहयोग करें।

# मां के दर्द को एक मां ही बखूबी समझ सकती है, एकलौते पुत्र के खो जाने का गम सता रहा मां को

खैरागढ़ (दावा)। मां के दर्द को एक मां ही बखूबी समझ सकती है, खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने विगत दिनों बाढ़ के दौरान मृत हुये युवक अमित यादव उर्फ गांधी के परिजनों से गुरुवार 31 जुलाई को पुनः मुलाकात की और इस दौरान मृतक युवक की मां को बेटे के क्रियाकर्म कार्यक्रम के लिये सहयोग राशि प्रदान की।

गौरतलब है कि शनिवार 26 जुलाई को अचानक आई बाढ़ के दौरान ईतवारी बाजार रावणभाठा के पास पानी के तेज़ बहाव के दौरान नहा रहें नगर के अंबेडकर वार्ड के यादव परिवार के इकलौते चिराग अमित यादव उर्फ गांधी की बाढ़ में बह जाने से दुखद निधन हो गया था। जिसके बाद क्षेत्र की संवेदनशील विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने दूसरे ही दिन रविवार को अपने दिल्ली प्रवास से लौटते हुये सीधे मृतक युवक के परिजनों से मुलाक़ात की थी और अब पुनः जब विधायक को पता चला कि मृतक युवक क्रियाकर्म कार्यक्रम शुक्रवार 01 अगस्त को है, तो उन्होंने पुनः गुरूवार 31 जुलाई को मृतक युवक अमित यादव उर्फ गांधी के परिजनों से उनके घर में मुलाकात की और युवक के क्रियाकर्म कार्यक्रम के लिये अपनी ओर से सहयोग राशि प्रदान की।

मृतक युवक अमित यादव के परिवार की स्थिति ठीक नहीं है, कच्चे मकान और टूटा फूटा, मृतक युवक के परिवार की हालत बहुत ज्यादा खराब है और उसके घर में अब सिर्फ़ उसकी बूढ़ी दादी, मां और तीन बहनें है और उनका घर भी काफी टूटा फूटा हुआ और कच्चा है।

**बाढ़ में डुबे युवक अमित यादव की मां को विधायक ने दी सहयोग राशि, जनसहयोग से मकान भी बनवाएंगी**



### पीएम आवास नहीं मिला तो मैं खुद अपनी जिम्मेदारी में जन सहयोग से नीरा यादव का घर बनवाऊंगी- विधायक

मृतक युवक अमित के परिजनों से मुलाक़ात के दौरान मृतक की मां नीरा यादव को ढांढ़स बंधाते हुये, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि अगर किसी कारणवश मृतक युवक की मां नीरा यादव को पीएम आवास नहीं मिला, तो मैं खुद अपनी जिम्मेदारी में जन सहयोग से बरसात के मौसम जाने के बाद नीरा यादव का घर बनवाऊंगी। उन्होंने कहा कि यादव परिवार का दुख बड़ा है, जिसकी कोई भरपाई नहीं की जा सकती पर अब आगे मृतक युवक के परिवार को जीवन यापन में कोई तकलीफ़ ना हो इसके लिये वो हरसंभव बेहतर प्रयास करेंगी। इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा ने मृतक के परिजनों को सादगी से क्रियाकर्म कार्यक्रम संपन्न कराने की बात कही और मृतक की मां को गले लगाकर कहा कि इकलौते बेटे को खोने का आपका ये बड़ा गम मैं अच्छी तरह समझ सकती हूं और उन्होंने अपनी शोक संवेदना पुनः व्यक्त की।

मृतक युवक अमित यादव की बड़ी बहन को जीवनदीप समिति से अस्थाई रोजगार भी दिया जायेगा। इस दौरान विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने अपना वादा पुनः दोहराते हुये कहा कि मृतक युवक अमित यादव उर्फ गांधी के परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिये हम शासन स्तर पर भी हरसंभव बेहतर प्रयास करेंगे, वहीं इस दौरान उन्होंने मृतक युवक की बहन तनु से पूछा भी कि तुम्हें नर्स का कार्य आता है, तो उसने कहा कि मुझे अच्छी तरह आता है और कई जगह मैं अस्पतालों और क्लिनिक में ये कार्य कर भी चुकी है, जिसके बाद विधायक यशोदा वर्मा ने मृतक की मां नीरा यादव से कहा कि उनकी बड़ी बेटी तनु को वो सिविल अस्पताल खैरागढ़ में आगामी समय में जीवनदीप समिति के ज़रिये रोजगार भी दिलाने ठोस प्रयास करेंगी ताकि उनके परिवार के पालन पोषण में उनकी बड़ी बेटी जरूरी मदद कर सकें।

### मृतक के परिवार से विधायक की मुलाकात के दौरान ये रहें मौजूद

मृतक युवक अमित यादव के परिवार से विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा की मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य नीलांबर वर्मा, वार्ड पार्षद व नगर पालिका खैरागढ़ उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद प्रतिनिधि अय्यूब सोलंकी व युवा कांग्रेस नेता राजा सोलंकी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी भी मौजूद थे।

# जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत: करमतरा गांव में अधूरी योजना से ग्रामीण बेहाल, एकमात्र बोर पर निर्भर जीवन



खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य था। ग्रामीण क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल की सुविधा नल के माध्यम से उपलब्ध कराना, लेकिन ग्राम पंचायत करमतरा में यह उद्देश्य अब तक अधूरा ही रह गया है। गांव में पानी टंकी का निर्माण तो हो गया है, लेकिन ठेकेदार ने नई पाइप लाइन बिछाने के बजाय पुरानी पाइपलाइन में ही कनेक्शन जोड़ दिए नई पाइपलाइन नहीं बिछाई गई और घरों में नल कनेक्शन भी नहीं जोड़ा गया। जिसकी वजह से ग्रामीण आज भी एकमात्र बोरवेल पर निर्भर हैं, जिसका जलस्तर गर्मियों में घटने से संकट और गहराता है और ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूसरे स्त्रोतों पर निर्भर होना पड़ता है। ठेकेदार नदारद, अधिकारी भी नहीं पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के बाद से न तो ठेकेदार दोबारा आया, न ही कोई अधिकारी सुध लेने पहुंचा। सरपंच चंद्रिका सिवारे ने बताया, 'हमने कई बार ठेकेदार से संपर्क किया। उसने कहा कि एक बोर से पानी की आपूर्ति संभव नहीं है, दूसरा बोर करवाना होगा लेकिन इसके बाद वह कभी लौटा ही नहीं।'

**0 टंकी बनी, पुरानी पाइपलाइन से जोड़ दिए गए कनेक्शन**
**0 लेकिन ग्रामीणों के घर तक अब तक नहीं पहुंचा नल का जल**

### ठेकेदार केवल दे रहा है आश्वासन

उपसरपंच त्रिभुवन वर्मा ने बताया, 'मैं पिछले छह महीने से लगातार ठेकेदार से संपर्क कर रहा हूं, लेकिन वह हर बार यही कहता है–आज से काम शुरू होगा, कल से शुरू होगा। अब तक सिर्फ आश्वासन मिला है, काम एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा। ठेकेदार की लापरवाही का आलम यह है कि कार्य शुरू करने के पूर्व उसने सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया जिसकी वजह से ग्रामीणों या गांव के जनप्रतिनिधियों को कार्य के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

### ग्रामसभा में उठी आवाज, कलेक्टर से हुई मुलाकात

गांव में जल संकट गहराने पर सरपंच और पंचों ने ग्रामसभा में मुद्दा उठाया और फिर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को फोन कर जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपा मंडल अंबागढ़ चौकी एवं कौड़ीकसा में भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री का स्वागत समारोह संपन्न





अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा मंडल अंबागढ़ चौकी एवं कौड़िकसा में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा एवं जिला महामंत्रीद्वय नरसिंह भंडारी /अनिल गुप्ता का भाजपा मंडल अंबागढ़ चौकी के साहू धर्मशाला एवं कौडिकसा मंडल में प्रथम आगमन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा एवं जिला महामंत्री नरसिंह भंडारी/अनिल गुप्ता का स्वागत चौकी मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी एवं कौडिकसा मंडल अध्यक्ष संदीप साहू सहित मंडल पदाधिकारी एवं बुथ अध्यक्ष जनपद के सभी सदस्य पार्षदगण महिला मोर्चा युवा मोर्चा शक्तिकेंद्र प्रभारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया। सम्मान समारोह के साथ संगठनात्मक चर्चा भी किया गया।

उक्त बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन साहू, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, संदीप साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ढाल सिंह कौशिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौडिकसा शत्रुघन चुरेन्द्र, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश सारस्वत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू कुरैशी, जनपद अध्यक्ष पूनऊ फूलकौरे, जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, राजेश जैन गुजराती, सुशीला गावरे, दिगम्बर सांडिल्य, अम्बर जोशी, संजय मिश्रा, सहित भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन मंडल महामंत्री चंदन उपाध्याय, कौड़ीकसा महामंत्री झनक सोनवानी एवं आभार मंडल महामंत्री विमल यादव ने किया, उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी ने दी।

# खैरागढ़ जिले में कल होगी प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा, 1016 अभ्यर्थी होंगे शामिल



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा का आयोजन कल 3 अगस्त रविवार को नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में किया जाएगा। परीक्षा की तैयारी को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों, उड़नदस्ता दल एवं सुरक्षा अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेणुका रात्रे ने जानकारी दी कि जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कन्या शाला खैरागढ़ में केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में कुल 1016 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा एक पाली में प्रातः 11 से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि फिस्किंग और पहचान पत्र का सत्यापन समय पर किया जा सके। व्यापम के नियमानुसार परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व यानी 10:30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने सभी परीक्षार्थियों से समय का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान परीक्षा की नोडल अधिकारी ने व्यापम के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के कहा है।

**परीक्षा तैयारी हेतु केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों, उड़नदस्ता दल एवं सुरक्षा अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न**

जिला समन्वयक डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे ने सभी परीक्षा अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया और परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देशों की जानकारी दी। परीक्षार्थियों को केवल काले या नीले बाल पेन का उपयोग करने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का एकतरफा प्रिंट लाना आवश्यक होगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर आना होगा। जबकि फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी। कानों में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित होगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र- जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या पैन कार्ड में से कोई एक अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। यदि प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं है तो अभ्यर्थी को दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, संचार उपकरण, स्मार्टवॉच, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पाउच आदि सामग्री पूर्णतः वर्जित रहेगी। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां कर ली हैं और परीक्षार्थियों से अपेक्षा की है कि वे निर्देशों का पूर्ण पालन करें।

# अंबागढ़ चौकी में युवा कांग्रेस की नई नियुक्तियां



अंबागढ़ चौकी (दावा)। युवा कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में नई नियुक्तियां की हैं। राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी शेषनारायण ओझा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, मोहला-मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, जिला युवा कांग्रेस प्रभारी चेतन भानुशाली और प्रदेश सचिव व सह-प्रभारी कुबेर वैष्णव की सिफारिश पर ये नियुक्तियां की गई हैं।

नई सूची के अनुसार अंबागढ़ चौकी (शहर) के लिए झरनेश कुंभकार को और अंबागढ़ चौकी (ग्रामीण) के लिए सत्तर मालेकर को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला युवा कांग्रेस ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और शीर्ष नेतृत्व - मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, और राहुल गांधी के विचारों के अनुरूप काम करेंगे। उनसे यह भी कहा गया है कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ पार्टी को मजबूत करने में योगदान दें। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नए नेताओं से सक्रिय भूमिका निभाने और युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने की अपील की है।

# खेल में अनुशासन और नियम बहुत महत्वपूर्ण - श्रीमती किरण वैष्णव

राजनांदगांव (दावा)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तरीय आयोजन का शुभारंभ आज अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव शामिल हुई।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि खेल में अनुशासन और नियम बहुत महत्वपूर्ण होता है। अनुशासन और नियम के साथ लक्ष्य बनाकर खेलना चाहिए। अनुशासन ही व्यक्ति का व्यक्तित्व निखारता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन और नियम का पालन करते हुए खेल में हिस्सा लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि खेल में दो पहलू होते हैं, हार और जीत। लेकिन हार होने पर निराश नहीं होना चाहिए मेहनत हमेशा करने के लिए कहा। मेहनत करने से निश्चित रूप से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि अच्छा संघर्ष करेंगे तो परिणाम भी बहुत अच्छा आएगा।



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टीम स्पर्धाओं में प्रत्येक खिलाड़ी की जिम्मेदारी होती है कि वे अपनी टीम को विजयी बनाएं। उसी तरह एकल खेल प्रतियोगिता में स्वयं को जीतना होता है। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में हार और जीत के लिए एक-एक सेकेण्ड बहुत महत्वपूर्ण होता है। लक्ष्य एवं उद्देश्य बनाकर खेल में प्रथम स्थान के लिए खेलना चाहिए। सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने कहा। श्रीमती किरण वैष्णव ने स्कूली खिलाड़ियों को नशापान से दूर रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नशापान से दूर रहेगे तो निश्चित ही अपने जीवन में अच्छा कार्य करेंगे और अच्छा व्यक्ति बनेंगे। उउन्होंने कहा कि खिलाड़ी दृढ़ता, उद्देश्य, लक्ष्य और अनुशासन के साथ बेहतर खेल का प्रदर्शन करें और अपने माता-पिता, क्षेत्र और देश का नाम रोशन करें। इसके लिए सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए शपथ दिलाई।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सुश्री दीक्षा गुप्ता ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तरीय आयोजन के अंतर्गत दो दिवसीय खेल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 6 जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, राजनांदगांव और महासमुंद के लगभग 517 खिलाड़ी शामिल होंगे। राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धा में तिरंदाजी, ऐथलिट, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, चेस, जिमनास्टिक, जुडो, टेनिस, शूटिंग, टेबल टेनिस, ताईक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, फ्री स्टाइल कुश्ती, योगा की प्रतियोगिता होगी। टीम स्पर्धा में बास्केटबाल, फुटबाल, हेण्डबाल, कबड्डी, खो-खो, बालीबाल खेल प्रतियोगी होगी।

# स्काउट-गाइड का राज्य पुरस्कार जांच के लिए पूर्वाभ्यास शिविर आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा जिला स्तरीय स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर राज्य पुरस्कार जांच के लिए एक पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 28 से 30 जुलाई तक शास. हाईस्कूल ढाबा में आयोजित किया गया।



जिला आयुक्त स्काउट लाल द्विवेदी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेंद्र डडसेना के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में प्रतिभागियों को राज्य पुरस्कार के पाठ्यक्रम से संबंधित सभी विषयों का गहन प्रशिक्षण और जांच की गई। इसमें गणवेश, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, स्काउटिंग-गाइडिंग का इतिहास, गांठें, लैसिंग, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, प्राथमिक उपचार, आग जलाना, नक्शा पढ़ना व बनाना, अनुमान लगाना और संकेत जैसी गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। इस शिविर में सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ से 5 स्काउट और 6 गाइड, शास. हाईस्कूल ठंडार से 4 गाइड, और शास. उ.मा.वि. टोलागांव से 2 रोवर सहित कुल 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

शिविर में प्रशिक्षण देने वालों में जिला संगठन आयुक्त स्काउट धनुष सिन्हा, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती ललिता कोसारे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट विशाल ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सुश्री शकुंतला ठाकुर और विकासखंड सचिव सुश्री पूर्णिमा नेताम तथा स्काउट मास्टर कुशाल सिंह ध्रुव शामिल थे। शिविर के सफल आयोजन में शास. हाईस्कूल ढाबा की प्राचार्य श्रीमती नीलम नेताम, संकुल समन्वयक योगेंद्र कश्यप, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मेश्राम सर और नंदू सिंह खुशरो सर ने विशेष सहयोग दिया। शिविर के दूसरे दिन कैंप फायर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ढाबा के सरपंच प्रतिनिधि हेमंत वर्मा, हाईस्कूल ढाबा के शाला विकास समिति के अध्यक्ष बोधराज देवांगन, माध्यमिक शाला ढाबा के अध्यक्ष मुकेश वर्मा, पूर्व सरपंच बेंगलाल वर्मा, दानीदास मणिकपुरी, नीलम वर्मा, टीकाराम धुर्वे और पूरन वर्मा सहित गाँव के कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# ग्राम सांकरा में वित्तीय समावेशन एवं संतृप्तीकरण शिविर आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। जिला अग्रणी बैंक कार्यालय एवं बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सोमनी द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सांकरा में वित्तीय समावेशन एवं संतृप्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा प्रधान कार्यालय वडोदरा से मनोज कुमार, अंचल कार्यालय बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर से संदीप मान व दीपक मिश्रा, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग से उपक्षेत्रीय प्रबंधक जय प्रकाश नारायण विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों द्वारा सामाजिक सुरक्षा के लिए जनधन खातों के महत्व, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई



और इन योजनाओं से समाज को होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। शिविर में बताया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक होने के नाते जनसामान्य, समाज एवं देश को बैंक से जोडने् के लिए जिम्मेदारी भी बड़ी है।

शिविर में बताया गया कि वित्त विभाग भारत सरकार 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक वित्तीय संतृप्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 8-10 साल पुराने जनधन खाते में केवाईसी पेंडिंग वाले खाते में डीबीटी के माध्यम से किसी भी योजना का पैसा निकाल नहीं पाएंगे तथा खाताधारक शासन की योजनाओं का लाभ भी नहीं ले पाएगे। शिविर में बताया गया कि विपरीत समय में वित्तीय स्थिरता के लिए बीमा योजना लाभदायक है। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक, आरसेटी एवं उच्चतर माध्यमिक पाठशाला सोमनी के बच्चों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से बीमा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सोमनी द्वारा ग्राम ईरा निवासी श्रीमती धनेश्वरी साहू को उनके पति की मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान किया गया। साथ ही सखी-सहेली, जय मां सरस्वती, जय अम्बे एवं जय शारदा माँ स्वसहायता समूह को एसएचजी ऋण की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि, बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक मनहरण लाल सिन्हा को भावभीनी विदाई

खैरागढ़ (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम बढ़ईटोला में लंबे समय से सेवाएं दे रहे प्रधान पाठक मनहरण लाल सिन्हा को सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर बाजा गाजा के साथ भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय प्रांगण में भावभीन विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामीवासीयों, छात्रों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मनहरण लाल सिन्हा ने अपने उद्बोधन में बताया कि उन्होंने 43 वर्षों तक शिक्षा क्षेत्र में योगदान दिया। जिनमें 13 वर्ष प्रधान पाठक के रूप में ग्राम बढ़ईटोला में कार्य किया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय और गांव से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है और बच्चों की प्रगति ही उनकी सबसे बड़ी



शिक्षा जगत को 43 वर्ष समर्पित, 13 वर्षों तक बढ़ईटोला स्कूल में निभाई नेतृत्व भूमिका

उपलब्धि है।।

ग्राम के सरपंच योगेश कुमार वर्मा ने कहा कि सिन्हा सर ने गांव में शिक्षा का उजाला फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने न केवल स्कूल को शैक्षणिक स्तर पर मजबूत किया, बल्कि बच्चों में अनुशासन और संस्कार की भावना भी विकसित की। वहीं समिति प्रबंधक और ग्रामीण पेखलाल वर्मा ने कहा कि हम सब उनके कार्यों के साक्षी रहे हैं। आज बढ़ईटोला स्कूल जिस पहचान पर है, उसमें मनहरण लाल सिन्हा का बड़ा योगदान है। उन्होंने कई पीढ़ियों को शिक्षित कर गांव के भविष्य को संवारने का काम किया है।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विश्राम वर्मा ने कहा कि सिन्हा सर को शिक्षा के साथ-साथ संगीत के क्षेत्र में भी विशेष अनुभव था। उन्हीं की प्रेरणा से ग्राम बल्देवपुर में रामायण मंडली का गठन हुआ। जो आज पूरे छत्तीसगढ़ में विख्यात है। उनका योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सांस्कृतिक चेतना को भी उन्होंने जीवित किया। समारोह में पंचगण ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी। कार्यक्रम में स्थानीय शिक्षक, पालक, पूर्व छात्र एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। समारोह का समापन भावुक माहौल और गुरु के प्रति सम्मान के साथ हुआ।

# मुंशी प्रेमचंद : संत कवि तुलसीदास के आधुनिक संस्करण, सुंदरा में हुई परिचर्चा

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम सुंदरा में साकेत साहित्य परिषद द्वारा कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद और संत कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर एक साहित्यिक परिचर्चा एवं श्रावणी काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक, वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' थे। जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू ने की। साहित्य परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश अंकुर ने दोनों मूर्धन्य साहित्यकारों की कृतियों को कालजयी और समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। अर्जुनी से आए हास्य/व्यंग्य के कवि वीरेंद्र तिवारी 'वीरु' ने संत कवि तुलसीदास के दोहे-चौपाइयों पर कुछ विरोधी मत रखने वालों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर कवि-साहित्यकार अपने तत्कालीन समाज की उपज होता है। उन्होंने बताया कि तुलसीदास ने मुगल गुलामी झेल रहे समाज और कर्तव्यविमुख हो चुके लोगों को जगाने के लिए लोकभाषा अवधी में श्री रामचरित मानस की रचना की। श्री कोशा ने विभिन्न उदाहरणों से मुंशी प्रेमचंद को संत कवि तुलसीदास का आधुनिक संस्करण निरूपित किया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास के मानस के पात्र और दोहे-चौपाइयां आमजन से लेकर विद्वत समाज तक सभी को कंठस्थ हैं। जबकि प्रेमचंद की कृतियों जैसे 'गोदान' के होरी-धनिया, 'कफन' के घीसू-माधव, 'ईदगाह' के हमीद और 'पंच-परमेश्वर' के अलगू चौधरी केवल बौद्धिक वर्ग में ही जाने जाते हैं।



### गांधी जी के विचारों से प्रभावित थे प्रेमचंद

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुबेर साहू ने मुंशी प्रेमचंद की कहानियों जैसे कफन, सती, मंत्र, गोदान, इस्तीफा आदि पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद ने प्रारंभिक दौर में आदर्शोन्मुखी और बाद में यथार्थपरक कहानियां लिखकर समाज की विषमताओं को उजागर किया। वे गांधी जी के विचारों से प्रभावित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यंग्य-धर्मी गिरीश ठक्कर (स्वर्गीय) ने गोस्वामी तुलसीदास बनाम प्रेमचंद पर बात की।

झवहीं डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने दोनों को अपनी लेखनी से समाज में नई चेतना जगाने वाला और हिंदी साहित्य को समृद्ध करने वाला बताया। कथाकार/कवि मानसिंह 'मौलिक' ने तुलसीदास को लोकनायक व समन्वयवादी संत कवि कहा। जबकि प्रेमचंद को शोषित-पीड़ित किसानों व स्त्री जाति की आवाज उठाने वाला महान साहित्यकार बताया। आलोचक के रूप में उभर रहे कवि महेंद्र कुमार बघेल 'मधु' और अलख राम यादव ने दोनों को भारतीय समाज को दिशा देने वाला बताया। प्रथम सत्र का संचालन कवि/ उद्घोषक लखन लाल साहू 'लहर' ने किया।

### श्रावणी काव्य गोष्ठी में कवियों ने बिखेरे रंग

ग्राम्य कवि पवन यादव 'पहुना' के संयोजकत्व में आयोजित दूसरे सत्र, श्रावणी काव्य गोष्ठी का संचालन वीरेंद्र तिवारी 'वीरु' ने किया। इस अवसर पर ग्राम निकुम से पधारे कवि प्यारेलाल देशमुख ने ग्राम्य जीवन और प्रकृति पर आधारित रचना सुनाकर वाहवाही लूटी। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष श्री कोशा ने अपनी कविता सुनाकर तालियां बटोरीं। मानपुर-मोहला से पधारे वनांचल साहित्य समिति के डॉ. इकबाल खान 'तनहा' और जितेंद्र पटेल ने भी तुलसीदास व मुंशी प्रेमचंद को नमन करते हुए काव्य पाठ किया। पुरवासी साहित्य समिति के ग्वाला प्रसाद यादव 'नटखट' ने हास्य-व्यंग्य प्रस्तुत किया तथा अलख राम यादव ने श्री रामचरित मानस पर अपने विचार रखे। इसी तरह शिवनाथ धारा साहित्य समिति के कवि महेंद्र कुमार बघेल 'मधु', साकेत के ओमप्रकाश साहू 'अंकुर', रोशन साहू (मोखला), आनंदराम सार्वा, पवन यादव पहुना', राजकुमार चौधरी 'रौना', मदन मंडावी, नंदकिशोर साव 'नीरव', योगेश सार्वा, डॉ. एस. कुमार साहू, सेवंत देशमुख और डॉ. नरेंद्र देशमुख सहित अन्य कवियों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत काव्य रचनाएं पढ़ी।

# संत प्रयाग विद्यालय मुरमंदा के विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय का किया भ्रमण



डोंगरगढ़ (दावा)। संत प्रयाग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमंदा, विकासखंड डोंगरगढ़ के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों ने शैक्षणिक भ्रमण योजना के अंतर्गत पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान सबसे पहले छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के संयोजक एवं गणित पार्क प्रभारी स्नेह अग्रवाल के मार्गदर्शन में गणित पार्क का अवलोकन किया।

विभिन्न प्रकार की क्रिया- विधि पर आधारित रचनात्मक मॉडल से बच्चों ने खेल-खेल में गणित के विभिन्न आयामों को समझने की कोशिश की। इसके पश्चात बच्चों ने विद्यालय लाइब्रेरी में क्रोमबुक एवं विभिन्न पुस्तकों को देखा, यहाँ मार्गदर्शन विद्यालय के लाइब्रेरियन रोशन सुनील कुमार ने किया। स्नेह अग्रवाल द्वारा कक्षा में स्मार्ट इंटरएक्टिव बोर्ड के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आईसीटी टूल के प्रयोग द्वारा शिक्षण को कैसे आसान बनाया जाता है के बारे में जानकारी प्रदान की। बायोलॉजी लैब में जीव विज्ञान से संबंधित विभिन्न उपकरणों के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। गणित प्रयोगशाला में अशोक कुमार बिसेन एवं स्नेह अग्रवाल ने बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से प्रयोग द्वारा गणित को आसानी से समझने हेतु विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी को करके दिखाया।

**सीएम साय ने पीएम मोदी को अमृत....**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार के जन विश्वास अधिनियम 2023 से प्रेरणा लेते हुए राज्य में जन विश्वास विधेयक 2025 पारित किया है, जिससे न्याय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और आम नागरिकों की पहुंच अधिक सुलभ एवं सहज बनी है। राजधानी नवा रायपुर के सुनियोजित और तीव्र विकास हेतु गठित छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की जानकारी भी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से साझा की। उन्होंने बताया कि इस प्राधिकरण के माध्यम से राजधानी क्षेत्र को एक आधुनिक, स्मार्ट एवं तेजी से विकसित शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को राज्य में औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में हो रही उल्लेखनीय प्रगति की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में लागू की गई नई औद्योगिक नीति 2024-30 के परिणामस्वरूप राज्य में निवेशकों की रुचि निरंतर बढ़ रही है। नीति के तहत सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया गया है, जिससे उद्योगों की स्थापना सरल, त्वरित और पारदर्शी बनी है। 1000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने वाले उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नवंबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच अब तक 84 कंपनियों से कुल 6.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नवा रायपुर में देश की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की नींव रखी जा चुकी है, और एआई डेटा सेंटर का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है। इसी प्रकार, टेक्सटाइल, फार्मा, रेडीमेड गारमेंट और आईटी सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए छत्तीसगढ़ को तकनीकी और औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के माध्यम से ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है। आदिवासी क्षेत्रों में डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षित शिक्षकों के सहयोग से शिक्षा को तकनीक से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार मेडिसिटी और एडु सिटी जैसी दो नई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही है। रायपुर में विकसित की जा रही मेडिसिटी एक आधुनिक और उत्कृष्ट स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभर रही है, जिससे छत्तीसगढ़ को मेडिकल हब के रूप में पहचान प्राप्त होगी और व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

मुख्यमंत्री साय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रही पुनर्वास और विश्वास बहाली की योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की संवेदनशील और दूरदर्शी नीतियों के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण कर सामान्य जीवन की ओर लौटे हैं। इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का तीव्र विस्तार किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों में शासन के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

**'रूस है समय की कसौटी पर खरा...**

कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि कुछ भारतीय तेल कंपनियों ने रूस से तेल लेना बंद कर दिया है। इस पर प्रवक्ता ने कहा, आप हमारे ऊर्जा जरूरतों को लेकर समग्र दृष्टिकोण से अवगत हैं। हम बाजार में उपलब्ध विकल्पों और वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखकर निर्णय लेते हैं। हमें इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर कि एक दिन भारत पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है, विदेश मंत्रायल के प्रवक्ता ने कहा, इस मामले पर मेरे पास कोई टिप्पणी नहीं है। यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रहीं भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा, यह एक संवेदनशील मामला है। भारत सरकार इस मामले में हरसंभव सहायता दे रही है। हमारी लगातार कोशिशों के कारण सजा पर अमल फिलहाल टल गया है। हम इस पर करीब से नजर बनाए हुए हैं और जरूरत के हिसाब से सभी मदद दे रहे हैं। हम कुछ मित्र देशों के संपर्क में भी हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि, कुछ मीडिया रिपोर्टों में इस मामले को लेकर जो दावे किए गए हैं, वे गलत हैं। कृपया हमारे आधिकारिक अपडेट का इंतजार करें। हम सभी से अपील करते हैं कि अफवाहों से बचें।

**राहुल बोले- चुनाव अधिकारी वोटों की....**

चुनाव, लोकसभा चुनाव में शक था, महाराष्ट्र चुनाव के दौरान हमारा शक और बढ़ गया। 24 जुलाई 2025: आप सोचते हैं कि बच जाएंगे, ये आपकी गलतफहमी है राहुल ने कहा, चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी कराई। हमारे पास इसके 100 प्रतिशत सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों नए वोटरों को सूची में जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है। कांग्रेस सांसद ने कहा, हमे अभी एक सीट की जांच में यह गड़बड़ी मिली। मुझे पूरा यकीन है कि हर सीट पर यही नाटक चल रहा है। मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल सहित पूरा विपक्ष हमलावर बिहार वोटर वेरिफिकेशन को लेकर राहुल सहित पूरा विपक्ष इलेक्शन कमीशन की आलोचना कर रहा है। संसद के बाहर और अंदर विपक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस बीच बिहार में चुनाव आयोग की ओर से आज यानी शुक्रवार को वोटर लिस्ट का नया ड्राफ्ट पॉलिटिकल पार्टी को जारी किया गया है। चुनाव आयोग के बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के पहले चरण के आंकड़े के अनुसार, कुल मतदाताओं की संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गई है, जबकि पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था। यानी करीब 65 लाख मतदाताओं के सूची से हटाए गए हैं।

**अनिल अंबानी को ईडी का लुकआउट......**

अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के कई अधिकारी भी शामिल थे। ईडी सूत्रों ने कहा था कि जांच मुख्य रूप से 2017-2019 के बीच अंबानी की समूह कंपनियों को यस बैंक द्वारा दिए गए लगभग 3,000 करोड़ रुपये के अवैध लोन डायवर्जन के आरोपों से संबंधित है। यह पहली बार नहीं है जब अनिल अंबानी संबंधित जांच के सिलसिले में ईडी मुख्यालय का रुख करेंगे। उन्हें, उद्योग जगत के अन्य प्रमुख हस्तियों के साथ, मार्च 2020 में कथित यस बैंक मामले में अधिकारियों द्वारा तलब किया गया था। उस समय, अनिल अंबानी ने यस बैंक के साथ किसी भी तरह के गैरकानूनी संबंध से इनकार किया था और कहा था कि बैंक के साथ उनके संबंध नियमित व्यावसायिक प्रोटोकॉल का हिस्सा हैं। उन्होंने अपने समूह और यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर या उनके परिवार के सदस्यों के बीच किसी भी तरह के संबंध से भी इनकार किया।

**सीएम साय ने गृह मंत्री अमित....**

इन पहलों की सराहना की। उन्होंने माओवादी उन्मूलन के लिए राज्य सरकार के प्रयासों को ऐतिहासिक बताया और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का वादा किया। बैठक में छत्तीसगढ़ के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले अमृत रजत महोत्सव 2025 की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस आयोजन को भव्य और यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस महोत्सव के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता, और आर्थिक उपलब्धियों को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

# 71 वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स-शाहरुख पहली बार बेस्ट एक्टरः 12th फेल के लिए विक्रांत मैसी को भी अवॉर्ड

नई दिल्ली/मुंबई। दिल्ली में शुक्रवार को 71वें नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान हुआ। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। शाहरुख को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को 12th फेल के लिए पुरस्कार मिला। फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी और रानी मुखर्जी तीनों को पहली बार नेशनल अवॉर्ड मिला है। हिंदी फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को बेस्ट डायलॉग के लिए पुरस्कार मिला। इस फिल्म के डायलॉग दीपक किंगरानी ने लिखे हैं।

71वें नेशनल अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर के लिए शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से अवॉर्ड दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12thफेल के लिए अवॉर्ड मिला है। जवान एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी। इस फिल्म में शाहरुख डबल रोल में नजर आए थे। वहीं, विक्रांत की फिल्म बायोग्राफिकल ड्रामा थी। ये फिल्म आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा और उनकी वाइफ आईआरएस ऑफिसर श्रद्धा जोशी के जीवन से प्रेरित थी। रानी मुखर्जी के 30 साल के करियर में ये उनका पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे सच्ची घटना पर आधारित लीगल ड्रामा है। फिल्म सॉफ्टवेयर इंजीनियर सागरिका चक्रवर्ती की आत्मकथा द जर्नी ऑफ ए मदर से प्रेरित है। आशिमा छिब्बर के डायरेक्शन वाली इस फिल्म में रानी ने सागरिका का रोल निभाया है। अवॉर्ड जीतने के बाद रानी ने कहा- मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए मेरे करियर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर मैं अभिभूत हूं।

# केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से मिले सीएमः बस्तर के विकास में महत्वपूर्ण बोधघाट परियोजना पर हुई चर्चा

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात की। इस दौरान राज्य की महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं, विशेषकर बस्तर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल को अवगत कराया कि, बोधघाट परियोजना बस्तर की सिंचाई, पेयजल आपूर्ति और ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, बस्तर क्षेत्र दशकों से विकास की मुख्यधारा से पीछे रहा है। वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि इस क्षेत्र को नक्सल हिंसा से मुक्त कर आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जाए। उन्होंने बताया कि बस्तर के लिए प्रस्तावित बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना से लगभग 8 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई और 125 मेगावाट विद्युत उत्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी बताया कि, बस्तर क्षेत्र में अब नक्सल प्रभाव में उल्लेखनीय कमी आई है और विकास कार्यों के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है। ऐसे में बोधघाट जैसी परियोजनाएं इस क्षेत्र को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में निर्माण संबंधी आवश्यक पहल करने के विषय में विस्तार से चर्चा की।

# आराधना महिला मंडल ने बोरी स्कूल के छात्रों को बांटीं पाठ्य पुस्तकें



श्री रामचरित मानस के रचयिता तुलसीदास को किए याद

राजनांदगांव(दावा)। शहर की समाजसेवी संस्था आराधना महिला मंडल ने निकटवर्ती ग्राम बोरी हाई स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें और मिठाइयां वितरित की। इस दौरान, श्री रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को उनकी जयंती के अवसर पर याद किया गया।

पाठ्यक्रम की पुस्तकें पाकर विद्यार्थी बेहद खुश हुए। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में आराधना महिला मंडल की सचिव श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती अलका जानी, संरक्षिका श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, आभा पोद्दार, शशिप्रभा खंडेलवाल, चंद्रकला अग्रवाल, इला पटेल और भगवती खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थी।

स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अनिता सहारे और स्टाफ की उपस्थिति में, श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी और श्रीमती अलका जानी ने गोस्वामी तुलसीदास को लोक शिक्षण का संत कवि बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज ने तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरित मानस के आदर्श पात्रों को अपने जीवन में अपनाकर एक मर्यादित जीवन शैली का पालन किया है। उन्होंने आदर्श समाज के लिए इस ग्रंथ के अनुसरण पर जोर दिया।

### आराधना मंडल के सेवा कार्यों की सराहना

बोरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सहारे ने आराधना महिला मंडल के सेवा कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मंडल की सदस्य बोरी स्कूल के बच्चों, खासकर गरीब तबके के छात्रों का विशेष ध्यान रखती हैं।

वे समय-समय पर उनकी जरूरत की चीजें उपलब्ध कराकर अपनी दानशीलता का परिचय देती हैं। प्राचार्य ने बताया कि इस बार भी मंडल की महिलाओं ने 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स, मैथ्स, बायोलॉजी, जियोग्राफी, आर्ट्स जैसे विषयों की महंगी किताबें खरीदकर उपलब्ध कराई हैं। जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच लालाराम देवांगन, पंच मानिकचंद्र देवांगन, शाला विकास व प्रबंधन समिति के टी.एस. लकड़ा, शिक्षिका कु. विभा कायरकर, सहित स्कूल के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्टाफ मौजूद थे।

# जब्तशुदा वाहन राजसात, नीलामी की होगी कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने डीएसएम लालपेठ कालोनी चंद्रपुर महाराष्ट्र निवासी सैय्यद तौसिफ के स्वामित्व की जप्तशुदा स्कार्पियों डीआई बीएसआईआई वाहन क्रमांक एमएच 34 एल 7777 को छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छग शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

# अभा कायस्थ महासभा द्वारा सतरंगी सावन कार्यक्रम में सावन क्वीन और सावन सुंदरी का भी हुआ चयन



महिला प्रकोष्ठ ने किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

नगर के गोपीनाथ मंदिर परिसर में हुआ सांस्कृतिक उत्सव

खैरागढ़ (दावा)। महिला प्रकोष्ठ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के द्वारा सावन माह के उपलक्ष्य में 'सतरंगी सावन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन सोमवार 28 जुलाई को गोपीनाथ मंदिर परिसर में किया गया।

उक्त भव्य कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त की विधिवत् रूप से पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विविध खूबसूरत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव का रंग और भी गहरा कर दिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर जिले की महिला प्रकोष्ठ की अरुण लता श्रीवास्तव थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृति विभाग से सेवानिवृत्त मंगला श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, रामजनकी श्रीवास्तव, शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त सहायक संचालक रश्मि खरे व इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त ज्योति बख्शी उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला प्रकोष्ठ केसीजी अध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम में कायस्थ समाज की समृद्धि श्रीवास्तव को 'सावन क्वीन' और लक्ष्मी श्रीवास्तव को 'सावन सुंदरी' के खिताब से नवाजा भी गया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में कायस्थ समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की सचिव अमिता श्रीवास्तव, दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव, नूपुर श्रीवास्तव, साक्षी बक्शी, गरिमा श्रीवास्तव, शीतल श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, रुचि बख्शी, अमिता सुलभ श्रीवास्तव, अंजली श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, सुनीता बख्शी व सविता बख्शी सहित बड़ी संख्या में कायस्थ महिला प्रकोष्ठ की सदस्यगण शामिल रही।

# संत शिरोमणि तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में संत शिरोमणि तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज एवं मुख्य वक्ता के रूप में देवी सिंह ठाकुर उपस्थित थे। जिनके पूजा अर्चना द्वारा कार्यक्रम आरंभ हुआ। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात श्री तुलसीदास जयंती से संबंधित गीत, कहानी, कविता, दोहा आदि प्रस्तुत किए गए हैं। जिनमें शामिल है भैया निशांत जैन, दीक्षा मेश्राम, तुषार महोबिया, गर्वित जैन, रविंद्र यादव, ईशिका महोबिया, रेयान देवांगन, माधुर्य देवांगन आदि। देवी सिंह ठाकुर ने श्री तुलसीदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। विभिन्न दोहे, चौपाइयों के माध्यम से बच्चों का मार्गदर्शन किया।

सुरेश वैष्णव ने कहा हम सभी को हमेशा भगवान का नाम स्मरण करते रहना चाहिए और तुलसीदास को महान संत बताया। प्रकाश यादव ने तुलसीदास को संत शिरोमणि कहते हुए उनके द्वारा रचित रामचरितमानस आदि विभिन्न ग्रंथों से शिक्षा लेकर उसे जीवन में आत्मसात करने की बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालन भैया ऋषभ वाल्दे, बहन तानी सिंह, प्रतिभा वर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम शिशु भारती प्रमुख बोधन भारद्वाज के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

# विद्यार्थियों को मिला लक्ष्य निर्धारण और सफलता का मंत्र



खैरागढ़ (दावा)। जिले के आत्मानंद अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरागढ़ में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में अर्जुन और शबरी के उदाहरण से मिली प्रेरणा

यह कार्यक्रम संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर विजय दयाराम के निर्देशानुसार तथा उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र राजनांदगांव के समन्वय से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित अतिथि ने कक्षा 12वीं के लगभग 170 छात्र-छात्राओं को दोपहर 12 से 2 बजे तक मार्गदर्शन दिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने 'कैरियर' और 'व्यवसाय' शब्दों का सरलता से विश्लेषण करते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारण, धैर्य और निरंतर प्रयास के महत्व को रेखांकित किया। उदाहरण स्वरूप महाभारत के अर्जुन की एकाग्रता और रामायण की शबरी की प्रतीक्षा को प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि सफलता समय लेती है, परंतु धैर्य और समर्पण से ही संभव है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गीत 'रुक जाना नहीं तू कहीं हारकर' और हरिवंश राय बच्चन की कविता 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' के माध्यम से प्रेरणा दी गई।

# दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना : सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल

खैरागढ़ (दावा)। दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास और उनके जीवन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को विवाह के पश्चात प्रारंभिक आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित करना है।

योजना के तहत 18 से 46 वर्ष के ऐसे दिव्यांग पुरुष, जो आयकर दाता नहीं हैं, को पात्र माना गया है। यदि विवाह में एक पक्ष दिव्यांग है तो 50,000 की आर्थिक सहायता तथा यदि दोनों वर-वधु दिव्यांग हैं, तो 1,00,000 की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह सहायता विवाह के पश्चात छह माह की अवधि के भीतर आवेदन करने पर दी जाएगी।

दिव्यांग जोड़ों को 50 हजार से 1 लाख रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी

इस योजना को अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग को पत्र लिखकर निर्देशित किया है, कि वे अपने-अपने विभागों के अंतर्गत चिन्हित किए गए। ऐसे दिव्यांग जोड़ों को समाज कल्याण विभाग की इस योजना से लाभान्वित करने हेतु समन्वय करें। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ विवाह योजना तथा अंतरजातीय विवाह योजना में यदि कोई हितग्राही जोड़ा दिव्यांग श्रेणी में आता है, तो उसे भी इस योजना का लाभ दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिलों में आयोजित विभिन्न शिविरों, जागरूकता कार्यक्रमों और विभागीय आयोजनों में इस योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग हितग्राही इस योजना की जानकारी प्राप्त कर समयावधि के भीतर आवेदन कर सकें और उन्हें विवाह के उपरांत उचित आर्थिक सहायता मिल सके।

# जर्जर स्कूल भवन में आया करंट, नया भवन बनाने को लेकर ग्रामीणों ने जड़ा ताला, बीईओ ने दी समझाईश



छुरिया (दावा)। वनांचल क्षेत्र मोरकुटुम्ब के जर्जर हो चुके माध्यमिक शाला भवन में अचानक करंट आ गया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शाला भवन में ताला जड़ दिया। जानकारी मिलते ही बीईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी। तब जाकर मामला शांत हुआ।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोरकुटुम्ब में स्कूल पहुंचे छात्रों को अचानक करंट आ गया। जिससे विद्यार्थियों में अफरा-तफरी मच गई। इसकी खबर लगते ही ग्रामीण स्कूल पहुंचने लगे। तत्काल बिजली कनेक्शन काटा गया नहीं तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2006 में बना शाला भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है। बारिश में छतों से पानी टपकता है। यही कारण है कि भवन में करंट आ गया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल भवन में ताला जड़कर नया भवन निर्माण की मांग करते हुए शाला प्रांगण में बैठ गए। जिसकी खबर लगते ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिर्वतकर ग्रामीणों के समक्ष पहुंचे। जहां सरपंच कौशिल्या बाई, मयाराम साहू, ग्राम पटेल जयसिंग पडोटी, हरदेव कतलाम अध्यक्ष शाला समिति एवं पूर्व सरपंच सुरेश शोरी ने बताया कि तीन वर्ष से लगातार ग्रामीण जर्जर भवन की मरम्मत एवं नया शाला भवन बनाने की मांग शासन-प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से पत्र लेखन के माध्यम से करते आ रहे हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा आज भवन एकदम जर्जर हो चुका है। इससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों के जान माल का खतरा है। मजबूरन ग्रामीणों को ताला लगाना पड़ रहा है। जिस पर बीईओ प्रशांत चिर्वतकर ने उन्हें बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में माध्यमिक शाला के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 9.52 लाख रूपये स्वीकृत हो चुका है। जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इस पर भी ग्रामीण नहीं माने और लिखित देने पर अड़े रहे। तब बीईओ के लिखित आश्वासन देने पर ग्रामीण राजी हुए।

जर्जर माध्यमिक शाला भवन की जगह शाला परिसर से लगे अतिरिक्त कक्ष भवन पर स्कूल लगाने पर सहमति बनी। रोजाना की तरह अब विद्यार्थियों की पढ़ाई अतिरिक्त कक्ष भवन में होगी।

# भाजपा महिला मोर्चा की नीलिमा गोस्वामी और किरण साहू को बिहार में बड़ी जिम्मेदारी

**खैरागढ़ (दावा)। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, भाजपा ने अपनी संगठनात्मक तैयारियों को गति दे दी है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और सदस्यों को बिहार भेजा गया है।**



इस टीम में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) जिले से जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा महेश गोस्वामी और राजनांदगांव से जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू भी शामिल हैं। प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में यह टीम बिहार पहुंची है। जहां वे एक सप्ताह तक पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगी। इस दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिला मोर्चा की दो प्रतिनिधियों को तैनात किया गया है। जिन्हें बूथ स्तर की तैयारियों में महिला संपर्क और जनसंपर्क अभियानों को गति देने का दायित्व सौंपा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केसीजी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा महेश गोस्वामी को बिहार के ढाका विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। जबकि किरण साहू उनके साथ मिलकर प्रवास करेंगी।

इन दोनों नेताओं को पार्टी द्वारा चुनाव से पहले जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त करने और महिला कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। यह अभियान छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता को दर्शाता है। साथ ही यह स्थानीय नेतृत्व की कार्यकुशलता और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी साबित करता है। अपनी जिम्मेदारी मिलने के बाद नीलिमा महेश गोस्वामी और किरण साहू ने ढाका विधानसभा के बिशनपुर, झारौखर, कवैया और श्रीपुर पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदी, लाभार्थी बहनों, महिलाओं और शिव चर्चा बहनों के साथ संवाद बैठक की। इस मौके पर ढाका विधानसभा में प्रवासी बहनों के कार्यक्रम की प्रभारी सीमा जायसवाल भी मौजूद थी।

# सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में 'न्योता भोज' का आयोजन



माता-पिता ने अपनी सुपुत्री काव्यांजली वर्मा को मिली सफलता पर बच्चों को न्योता भोज कराया

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में लाल बहादुर नगर निवासी हुजूर दास वर्मा और श्रीमती बसंतलता वर्मा ने अपनी बेटी काव्यांजलि वर्मा की सफलता पर विद्यालय के सभी छात्रों को 'न्योता भोज' दिया।

काव्यांजलि ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है, जिसके उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। भोजन शुरू होने से पहले, बच्चों ने सनातन परंपरा के अनुसार कतार में बैठकर भोजन मंत्र का पाठ किया और जल आचमन किया।

इसके बाद, प्राथमिक स्तर के छात्रों ने संस्कृत के श्लोकों का वाचन किया और अन्न माता की जयकार लगाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक देवेंद्र नंदेश्वर और आचार्या श्रीमती गायत्री वर्मा, हेमा दीदी, संजना, यामिनि तिवारी और कोमा वर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने काव्यांजलि की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रधान पाठक ने न्योता भोज के सफल आयोजन के लिए वर्मा परिवार का आभार व्यक्त किया।

# इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में रैगिंग रोकने के लिए एंटी-रैगिंग समिति का गठन

**खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने समस्त छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा कदम उठाते हुए रैगिंग की रोकथाम के लिये सोमवार 28 जुलाई को एंटी रैगिंग समिति का गठन किया है। खास बात यह है कि इस एंटी रैगिंग समिति में जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर, युवा भाजपा नेता शशांक ताम्रकार व वरिष्ठ पंचायत सचिव खुमान यादव को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए प्रतिनिधि बनाया गया है।**





मिली जानकारी अनुसार इस समिति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, ताकि रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई और अभिशाप के विरुद्ध एक व्यापक और प्रभावशाली कार्यवाही हमेशा छात्रों के हित में सुनिश्चित किया जा सकें।

गौरतलब है कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई एंटी रैगिंग समिति समिति में जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौर को मीडिया प्रतिनिधि के रूप में शामिल कर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। श्री गौर हमेशा छात्रों के हित में आवाज उठाते रहें है। वही छात्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में भी वो प्रमुखता से प्रभावशाली कदम उठाते रहे हैं और अब विश्वविद्यालय में इस महत्वपूर्ण दायित्व के साथ उनके जुड़ने से रैगिंग विरोधी मुहिम को मीडिया के माध्यम से और बेहतर ढ़ंग से मजबूती मिलने की पूरी उम्मीद है।

वही उनके अलावा छात्रों के हित में बनी इस महत्वपूर्ण समिति में गैर सरकारी युवा संगठन से प्रतिनिधि के रूप में युवाओं एवं छात्रों के हित में हमेशा आवाज बुलंद करने वाले बेहद सक्रिय युवा भाजपा नेता शशांक ताम्रकार को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पालकों से प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ पंचायत सचिव एवं ब्लॉक सचिव संघ खैरागढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष खुमान यादव को शामिल कर बड़ी जिम्मेदारी प्रदान की गई है। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी द्वारा जारी आदेश क्रमांक 4731/इ.क.सं.वि./2025/सा.प्र.वि. 28 जुलाई 2025 अनुसार इस एंटी रैगिंग समिति में कुल 9 सदस्य को शामिल किया गया हैं। जिनमें सिविल प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्थानीय मीडिया, सामाजिक संगठन, संकाय सदस्य, पालक, छात्र व अशैक्षणिक स्टाफ के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र गौर, भाजपा नेता शशांक ताम्रकार व सचिव खुमान यादव प्रतिनिधि बनाए गए

इस समिति में जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर, शशांक ताम्रकार व खुमान यादव के अलावा सिविल प्रशासन से तहसीलदार, खैरागढ़ पदेन सदस्य, पुलिस प्रशासन से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रदीप येयरेवार, संकाय से डॉ. देवमाईत मिंज, वरिष्ठ छात्रा प्रतिनिधि के रूप में कु. चंदनी पासवान, नवागत छात्र प्रतिनिधि समीर चंद साहू व अशैक्षणिक कर्मचारी प्रतिनिधि के रूप में भुनेश्वरी ठाकुर को भी जिम्मेदारी दी गई है।

# दिग्विजय कॉलेज में तुलसी और प्रेमचंद जयंती पर साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



राजनादगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जयंती एक साथ मनाई गई। इस अवसर पर दोनों साहित्यकारों के जीवन और साहित्य पर आधारित जिलास्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी सृजन साहित्य समिति के अध्यक्ष आत्माराम कोशा विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित थे। आयोजन में प्राचार्य और मुख्य वक्ता सहित डॉ. प्रवीण कुमार साहू, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. गायत्री साहू, मानसिंह मौलिक, आनंदराम सार्वा, पवन यादव पहुना सहित विवेक वासनिक, खिलेश्वरी, आरती झारिया और काजल महोबिया ने दोनों साहित्यकारों के साहित्यिक जीवन पर अपने विचार प्रकट किये।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस बार इन दोनों साहित्यकारों की जयंती एक दिन पड़ने के कारण जिलास्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई थी। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी उत्साह के साथ भाग लिए थे। तुलसी साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता में अंकों के आधार पर खिलेश्वरी देवांगन, गूंजा सिन्हा और निहारिका को प्रथम तथा डिलेश कुमार और अदिती धमगाय को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुए. इसी प्रकार प्रेमचंद साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता में धर्मज्ञ वर्मा को प्रथम और प्रीति वर्मा तथा डिलेश को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर आज प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण साहू और आभार प्रदर्शन डॉ. शंकर मुनि राय द्वारा किया गया।

# गुजरात में आयोजित टीटीएफ में छग टूरिज्म बोर्ड का स्टॉल बना आकर्षण का मुख्य केंद्र

राजनांदगांव (दावा)। अहमदाबाद में आयोजित टीटीएफ के पहले दिन 31जुलाई को उद्घाटन समारोह में जम्मू एंड कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, गुजरात के पर्यटन मंत्री मूलू भाई बेरा, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, गुजरात के पर्यटन सचिव राजेंद्र कुमार और प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने दीप प्रज्वलन के साथ टीटीएफ अहमदाबाद का आधिकारिक शुभारंभ किया।



- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार अध्यक्ष नीलू शर्मा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के पर्यटन को मिल रहा नया आयाम
- देश के प्रमुख राज्यों के लगभग 200 ट्रैवल एजेंट पर्यटन के प्रचार- प्रसार हेतु छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के साथ हुए पंजीकृत

इसके बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने सभी स्टॉल में जाकर उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात भी की। टीटीएफ अहमदाबाद के उद्घाटन सत्र के दौरान जम्मू एंड कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और गुजरात के पर्यटन मंत्री मूलू भाई बेरा ने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के स्टॉल में पहुंचकर छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस अवसर पर अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने उन्हें छत्तीसगढ़ टूरिज्म सर्किट की जानकारी प्रदान करते हुए टूरिज्म सर्किट की बुकलेट भेंट की और छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु आमंत्रित भी किया।

# सांसद संतोष पाडेय के प्रयासों से जबलपुर-रायपुर नई इंटरसिटी ट्रेन का शुभारंभ



रक्षाबंधन के पूर्व बहनों को सांसद संतोष पांडेय का उपहार

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेल्वे द्वारा रेल यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। जिसके अंतर्गत जबलपुर से रायपुर के मध्य नई इंटरसिटी ट्रेन के समय सारिणी जारी की गई है। ज्ञात है कि विगत 29 मई को केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने तीन नए ट्रेन चलाए जाने के घोषणा की थी। जिसमें जबलपुर से रायपुर व्हाया नैनपुर-बालाघाट से गोंदिया-राजनांदगांव-रायपुर भी शामिल था। इस विषय पर क्षेत्रीय सांसद संतोष पान्डेय ने बताया कि वे विगत तीन वर्षों से उक्त मार्ग पर ट्रेन आरंभ कराए जाने हेतु प्रयासरत थे। जिसमें अभी सफलता प्राप्त हुई है।

सांसद पाण्डेय ने बताया कि अलग-अलग समाज की बेटियां जबलपुर-बालाघाट से राजनांदगांव, दुर्ग व रायपुर मे शादी होकर आई है। इन्ही क्षेत्रों की बेटियां भी शादी होकर जबलपुर-बालाघाट गई है। जिनके आवागमन हेतु सीधे कोई सुविधा नहीं होने के कारण सड़क मार्ग अथवा दो ट्रेन बदलकर आवागमन करते रहे है। अब सीधे जबलपुर तक ट्रेन पहुंचने से आवागमन में सुविधा होगी तथा यात्रा सुरक्षित भी हो सकेगी। सांसद ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रक्षाबंधन के पूर्व उक्त मार्ग में नई ट्रेन आरंभ कर बहनों को उपहार दिया है। सांसद ने बताया कि 3 अगस्त रविवार को जबलपुर से निकलने वाली इंटरसिटी ट्रेन को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। तत्पश्चात ट्रेन संसदीय क्षेत्र के डोंगरगढ़ स्टेशन में शाम 5 बजकर 15 मिनट पर पहुंचेगी एवं राजनांदगांव स्टेशन में शाम 5:45 पर पहुंचेगी। सांसद संतोष पान्डेय ने राजनांदगांव व डोंगरगढ़ के समस्त नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में स्टेशन पहुंचकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएं व नएं ट्रेन का स्वागत करें।

# प्रतिष्ठित डॉ. चेतन लाल साहू षड़यंत्र एवं गुटबाजी के हुए शिकार - भागवत साहू



कहा- मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एचओडी तिरकी ने डॉ. साहू के खिलाफ मीडिया को गलत जानकारी दी

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित डॉ. चेतन साहू जो मेडिसिन विशेषज्ञ है और मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में अपनी बेहतर सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें बदनाम करने का प्रयास वहां के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया है। जिसे लेकर जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में समाज प्रमुखों ने आज मेडिकल कॉलेज के डीन को एवं संयुक्त संचालक को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि डॉ. तिरकी ने डॉ. चेतन साहू के खिलाफ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में गलत या भ्रामक जानकारी देकर उन्हें झूठा फंसाने का प्रयास किया है, जो कि नींदनीय है। इसे लेकर जिला साहू संघ के अध्यक्ष ने डॉ. तिर्की के खिलाफ डॉ. चेतन लाल साहू की छवि खराब करने के दोष में वैधानिक कार्रवाई करें।

श्री साहू ने आगे कहा कि डॉ. चेतन लाल साहू द्वारा अपने पत्र के माध्यम से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के मेडिसीन विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा बिना घटनाक्रम को समझे मरीज हेमलता की मृत्यु के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा दोषारोपण सिद्ध हुए बिना ही डॉ. चेतन लाल साहू के खिलाफ प्रेस मिडिया एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया में विभिन्न प्रकार की गलत जानकारी प्रेषित किया गया है। जबकि ड्यूटि में कार्यरत इंर्टन डॉ. धनेश्वरी बारिह एवं डॉ. ईशा साहू द्वारा अधिष्ठाता कार्यालय में अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि मरीज हेमलता के संबंध में डॉ. चेतन लाल साहू द्वारा किसी भी प्रकार का फोन नहीं किया गया है। डॉ. चेतन लाल साहू द्वारा बताया गया है कि डॉ. नवीन कुमार तिरकी विभागाध्यक्ष, मेडिसीन विभाग द्वारा शासन के सारे नियमो को नजरअंदाज करते हुए पदोन्नति एवं वार्षिक गोपनीय चरित्रावली को खराब करने की मंशा से लगातार विभिन्न गलत आरोपों के साथ पत्राचार किया जा रहा है। जिसके कारण चिकित्सकीय कार्य प्रभावित हो रहे है।

डॉ. नवीन कुमार तिरकी विभागाध्यक्ष, मेडिसीन विभाग द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत कर प्रेस मिडिया एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया में डॉ. चेतन लाल साहू की छवि धूमिल करने के संबंध में किए गए कृत्य पर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के साथ महामंत्री नीलमणि साहू, सलाहकार जिला साहू संघ एवं सदस्य जिला पंचायत श्रीमती विभा साहू, चंदन साहू संगठन सचिव, माधव साहू रुपेश साहू, नंदू साहू, यशवंत साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सरिया की चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



मेटाडोर सहित 10 क्विंटल सरिया जब्त

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मामले में 24 घण्टे के भीतर कार्रवाई करते हुए सरिया चोरी के आरोपियो को धर दबोचा है और उन्हें जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि चोरी गये संपत्ति के मामले में आरोपियों से शत-प्रतिशत माल बरामद कर ली गई है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गये छः चक्का मेटाडोर एवं उसमें लोड 10 क्विंटल सरिया कुल कीमती लगभग उन्नीस लाख दस हजार छह सौ उनचालिस रूपये को जब्त किया गया है। वही आरोपियों द्वारा चोरी में प्रयुक्त मोटर सायकल को भी जब्त किया गया है। घटना के संबंध में पूरी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रार्थी द्वारा 31 जुलाई को थाना लालबाग आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका मेटाडोर 06 चक्का वाहन क्र. सी.जी. 08 ए.एस. 3928 में 10 टन लोहे का सरिया लोड कर रायपुर से भानपुरी के लिए निकली थी। जो कि ड्रायवर द्वारा उक्त गाडी को झा हार्डवेयर भानपुरी के सामने खडी कर बिल देने गया था। जब बिल देकर वापस आया तो देखा कि उक्त गाडी वहां पर नही था। जो कि किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है । प्रार्थी की इस रिपोर्ट पर अपराध कमांक 354/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 कायम कर विवेचना में लिया गया तथा इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देषन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन मे त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी गयी वाहन एवं माल मशरूका के संबंध में तत्काल पता-तलाश किया गया।

### घेराबंदी कर आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

श्री साहू ने बताया कि इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि चोरी गयी वाहन को डोंगरगढ़ क्षेत्र में जाते देखा गया है। इस पर तत्काल हमराह स्टाप रवाना होकर ग्राम डुंडेरा के पास उक्त मेटाडोर वाहन को घेराबंदी कर पकडा गया। चालक का नाम पता पूछे जाने पर उन्होंने अपना नाम अब्दुल जफर एवं अभिषेक भीवगडे होना बताया। दोनो आरोपी को अभिरक्षा में लेकर मेमोरण्डम कथन लिए जाने पर उक्त दोनों आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया जिस पर उनके द्वारा चोरी किए गये छह चक्का मेटाडोर वाहन एवं उसमें लोड 10 क्विंटल सरिया तथा चोरी में प्रयोग किये गये मोटर सायकल को जप्त कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित सउनि ए.पी. शीला, आरक्षक राजकुमार बंजारा, कमल किशोर यादव की भूमिका सराहनीय रही।

# इंतारा किआ के शोरुम का हुआ शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा कार्यालय के बाजू में किया गया। जिसको दीप प्रज्वलन डीलर प्रिंसिपल प्रशांत मंधान के अनुज करन मंधान साथ ही इंतारा किआ के सेल्स हेड वेदप्रकाश वर्मा और राजनांदगांव के ब्रांच हेड करन कन्नौजे एवं समस्त नेशनलाइज और प्राइवेट बैंक के सभी प्रतिनिधियो की उपस्थिति में किया गया। प्रिय ग्राहकों के लिए Sonet, Seltos, Syros, Carens Clavis, Carnival जैसी प्रीमियम गाड़ियां यहां उपलब्ध रहेगी।

# अनियंत्रित ट्रक ने तीन गाड़ियों को मारी टक्कर

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ से खैरागढ़ जाने वाले मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक अनियंत्रित ट्रक ने पुलिस की डायल 112 पेट्रोलिंग गाड़ी एक छोटे मालवाहक और नगर पालिका परिषद के सफाई वाहन को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,डोंगरगढ़ ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना का कारण ट्रक का ओवरलोड होना बताया जा रहा है। ट्रक चालक ओवरलोड होने की वजह से वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया। जिसके चलते यह हादसा हुआ। घायल महिला की पहचान नगर पालिका की 'सफाई मित्र' मधु राजपूत के रूप में हुई है, जो नगर पालिका के वाहन में सवार थीं। उनका इलाज फिलहाल जारी है।

# संगीत नगरी में राजाधिराज महाकाल और चंद्रमौलेश्वर भगवान की निकली पालकी यात्रा



खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी में बड़े ही हर्षोल्लास और भगतीमय वातावरण में शुक्रवार 1 अगस्त को राजाधिराज महाकाल महाराज और चंद्रमौलेश्वर भगवान की पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष गिरीराज चंद्राकर, पार्षद व सभापति रेखा विकेश गुप्ता, देवीन कोठले, महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर,किर्ती वर्मा,ने भगवान राजाधिराज महाकाल महाराज और चंद्रमौलेश्वर भगवान की सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर पालकी यात्रा में सम्मिलित होकर नगर भ्रमण किया।

# लगातार हो रही दुर्घटना : हफीज खान के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पहुचे आक्रोशित वार्डवासी

### रेलवे फाटक पर पुख्ता सुरक्षा इंतजामों की मांग को लेकर स्टेशन प्रबंधक के नाम सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव(दावा)। गौरी नगर रेलवे फाटक व आसपास में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, इसी कड़ी में कल एक दंपत्ति भी दुर्घटना का शिकार हो गई। उनकी कार बाइक वाले को बचाने की कोशिश में फाटक के बगल वाली खुली नाली में गिर पड़ी नाले का गड्ढा बड़ा होने के कारण कार आधी अंदर घुस गई व क्रेन से उसे निकलना पड़ा इसमें कार में मौजूद दंपत्ति को ज्यादा चोट नहीं आई लेकिन हादसा बेहद खतरनाक था। ऐसे ही वहां दोनों ओर पैरा फिट वाल न होने के कारण व पटरी के पास की इंटरलॉकिंग ऊबड़ खाबड़ होने की वजह से रोज कुछ न कुछ होता रहता है, इंटरलॉकिंग के गड्ढों में ई रिक्शा कार स्कूटी आदि फंस जाती हैं कभी कोई पटरी पर गिर जाता है कभी नाली में ऐसे में क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। इन सभी विषयों को लेकर आज गौरीनगर वार्ड व आस पास के रहवासियों ने आक्रोशित होकर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद हफीज खान के नेतृत्व में स्टेशन पहुंचे व सक्षम अधिकारी से मिल कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही सभी ने पटरी पार वासियों की रेलवे विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। श्री खान ने तत्काल इंटरलॉकिंग सुधार करने और पैरा फिट वाल रेलिंग इत्यादि सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं का इंतेज़ाम करने कहा, पूर्व पार्षद समद खान ने आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस आदि और छात्रों को स्कूल कॉलेज व परीक्षाओं में पहुंचने में हो रही लगातार समस्याओं के बारे में अवगत कराया साथ ही कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा ने अंडरब्रिज के कार्यों में देरी का मुद्दा उठाया साथ ही पटरी पार वासियों की सालों पुरानी मांग जो आखिरकार पूरी होने वाली थी उसमें भी उदासीनता का मुद्दा उठाया।

इन सब पर रेलवे प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा इंतेज़ाम तुरंत करने के साथ एम्बुलेंस के लिए अलग से व्यवस्था करने व अंडर ब्रिज का कार्य बारिश के बाद तुरंत शुरू करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही श्री खान ने यह भी कहा कि इन सब के साथ रहवासियों के साथ अधिकारियों द्वारा बदतमीजी की जाने की भी शिकायतें आ रही हैं, जो कि सही नहीं है। इसके साथ इस प्रकार का उदासीन रवैया अगर रेलवे प्रशासन का आगे भी रहा तो बड़ी संख्या में पटरी पार वासियों की उपस्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उक्त मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान के साथ पूर्व पार्षद समद खान, कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, वरिष्ठ नागरिक के आर रावत, जीवन लाल चौहान, जॉन रूबीन, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सतीश लाल, देवेन्द्र पीटर, जाकिर खान, विजय यादव, हरीश यादव, अशोक शर्मा, डॉ महेंद्र बघेल, सूरज यादव, राजकुमार, राजेश, सुरेश नेताम, नावेद अली, सलीम, बाबू, इरफान छोटू, प्रमोद, गोपी सिन्हा, पन्नउ यादव, प्रेमलाल चौहान, जितेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com